Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार
मूर्तियां एवं समस्त
पूजन सामग्री
संगमरमर व पीतल की
मूर्तियां राशि रत्न
एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध
ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 97 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, गुरुवार 23 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा को जल्द मिलेगी 9 नई पुलिस चौकियों की सौगात, जिले में 14 पिंक बूथ है संचालित

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर का लगातार विस्तार हो रहा है। नोएडा से लेकर ग्रेटर नोएडा और जेवर तक लगातार लोगों की आबादी भी बढ़ रही है और विकास कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जिसको देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से जल्द ही जिले में 9 नई पुलिस चौकियों और इतने ही पिंक बूथ की सौगात मिल जाएगी। चौकियों का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक से कराने की संभावना है। अभी तक, महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें पूरी तरह से समर्पित जिले में 14 पिंक बूथ संचालित किए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के मुताबिक, नौ नई पुलिस चौकियां बनकर तैयार हैं। एक माह के भीतर इसका संचालन होने लगेगा। चौकियों के संचालन के बाद स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। ये पुलिस चौकियां तीनों जोन के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बनाई गई हैं।

### इंजेक्शन को लेकर झूठ बोलने वाले अधिकारी पर कार्रवाई करें सुक्खू : ठाकुर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि इंजेक्शन न मिलने से हुई देवराज शर्मा की मौत मामले में जिन भी अधिकारियों ने घटिया साजिश रचकर पीड़ित परिवार पर उंगली उठाई और उन्हें अपमानित करने का प्रयास किया, उनके खिलाफ मुख्यमंत्री सख्त से सख्त कार्रवाई करें। ठाकुर ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि ऐसे लोग असंवेदनहीनता की हद पार कर चुके हैं और इस लायक नहीं हैं कि ऐसे महत्वपूर्ण पदों पर रहें। ऐसे लोग अपनी साख बचाने के लिए अपने पिता को खो चुके बच्चों के साथ अपराधिक साजिश रच रहे हैं। अपने मातहतों से झूठ बुलवाकर एक ऐसे परिवार को बदनाम कर रहे हैं जिसने सरकार और उन अधिकारियों की नाकामी के चलते एक महीनें पहले अपने परिवार का अभिभावक खो दिया है।

### रिटायर्ड एडीएम की गेस्ट हाउस में हत्या, खून से लथपथ शव बरामद


**कासगंज।** यूपी के कासगंज में एक सनसनीखेज वारदात में एक रिटायर्ड एडीएम की हत्या कर दी गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव मामों स्थित मीनाक्षी गेस्ट हाउस में गेस्ट हाउस के मालिक, रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र कुमार का शव खून से लथपथ हालत में मिला। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र कुमार अपनी सेवानिवृत्ति के बाद से कई वर्षों से अपने गांव में ही रह रहे थे। वे अपने गांव के पास हाईवे किनारे मीनाक्षी गेस्ट हाउस का संचालन कर रहे थे। मंगलवार की सुबह उनका शव गेस्ट हाउस परिसर में खून से लथपथ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही कासगंज कोतवाली और सोरों कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह के बाद कूदे यात्री

# कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आए, 11 लोगों की मौत...

मुंबई/ एजेंसी

महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में 11 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन का कहना है कि जलगांव जिले के कलेक्टर के मुताबिक हादसे में 11 से 12 यात्रियों की मौत हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मध्य रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच में आग लगने की अफ्वाह के बाद पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास चेन पुलिंग की गई। ट्रेन रुकने से पहले अफरातफरी में यात्रियों ने उतरना शुरू कर दिया। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा कि पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री नीचे उतर गए और सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। मंडल रेल प्रबंधक भुसावल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। रेलवे की मेडिकल टीम, रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर और स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रेलवे के



एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर हॉट एक्सल या ब्रेक-बाइंडिंग के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन खींच दी, और उनमें से कुछ नीचे कूद गए। उसी समय कर्नाटक एक्सप्रेस बगल के ट्रैक से गुजर रही थी। महाराष्ट्र के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने कहा वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं, जिसके बाद अधिक जानकारी मिल सकेगी।नासिक के डिवीजनल कमिश्नर प्रवीण गेदम ने बताया कि हम मौके पर हैं। एडिशनल एसपी, एसपी, कलेक्टर और सभी अधिकारी पहुंच रहे हैं। हम डीआरएम और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अंतिम उपलब्ध जानकारी के अनुसार आठ एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई हैं, रेलवे की अतिरिक्त बचाव वैन और रेलवे एंबुलेंस को मौके पर भेजा जा रहा है। अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, आठ लोगों की मौत हो गई है। संख्या बढ़ सकती है। प्रशासन हर संभव मदद कर रहा है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार के आदेश दिए हैं, साथ ही यात्रियों की मौत पर भी शोक व्यक्त किया है।

### मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस बोले-आस पास के सभी अस्पताल अलर्ट पर......

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भी हादसे पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा कि जलगांव जिले के पचोरा के पास दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कुछ लोगों की जान चली गई है। यह बहुत दर्दनाक है। हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में मंत्री गिरीश महाजन और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए हैं और जिला कलेक्टर शीघ्र ही वहां पहुंचेंगे। पूरा जिला प्रशासन रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय में काम कर रहा है और घायलों के इलाज के लिए तत्काल व्यवस्था की जा रही है। सामान्य अस्पताल के साथ-साथ आसपास के अन्य निजी अस्पतालों को भी इलाज के लिए तैयार रखा गया है। घायलों के लिए ग्लास कटर, फ्लडलाइट आदि जैसे आपातकालीन उपकरण भी तैयार रखे गए हैं। हम पूरी स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

अंतरिम जमानत पर एकमत नहीं पीठ

## दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन को लगा बड़ा झटका



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ एकमत नहीं है। दो जजों की पीठ में से एक जस्टिस पंकज मित्तल ने ताहिर हुसैन की याचिका खारिज कर दी। वहीं दूसरे जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने याचिका को मंजूर कर लिया। ताहिर हुसैन आगामी दिल्ली चुनाव में एआईएमआईएम उम्मीदवार है और उसने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब मामला मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के सामने रखा जाएगा और वे मामले पर सुनवाई के लिए नई पीठ का गठन करेंगे। जस्टिस पंकज मित्तल ने अपने आदेश में कहा कि 'ताहिर हुसैन की दंगे में अहम भूमिका थी। उसने दंगे के दौरान कमांड सेंटर की तरह काम किया। उसके घर से हथियार बरामद किए गए।

महादेव सट्टा ऐप केस में ईडी ने आपराधिक प्रकरण दर्ज किया

## प्रमोटर्स के लिए काम करने वाले आरोपी एएसआई और हवाला कारोबारी की जमानत याचिका खारिज

बिलासपुर/ संवाददाता

बिलासपुर हाईकोर्ट ने महादेव सट्टा एप को छत्तीसगढ़ में चलाने में प्रमोटर्स के लिए काम करने वाले आरोपी एएसआई और हवाला कारोबारी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। एएसआई पर आरोपियों के साथ ही अफसरों और राजनेताओं के बीच संपर्क कराने और उनके लिए काम करने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने सार्वजनिक जुआ अधिनियम जुर्म दर्ज किया, और ईडी ने भी केस दर्ज किया था। दोनों आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं। बता दें कि महादेव सट्टा ऐप केस में ईडी ने आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। जांच के दौरान ईडी को पता चला कि,स्ह्व चंद्रभूषण वर्मा ने छत्तीसगढ़ के नेताओं और अधिकारियों के साथ महादेव ऑनलाइन बुक प्रमोटरों के लिए संपर्क सूत्र के रूप में काम किया। जांच के दौरान ईडी ने हवाला किंग अनिल कुमार दम्मानी और सुनील कुमार दम्मानी को भी गिरफ्तार किया। सभी आरोपी जेल में बंद हैं। इनमें से चंद्रभूषण वर्मा और सुनील दम्मानी ने हाईकोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी। सुनवाई के दौरान ईडी के




वकील ने जमानत का विरोध किया। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। ज्ञात हो, कि दुर्ग पुलिस ने 29 फरवरी 2022 को मोहन नगर थाने में आलोक सिंह राजपूत, रामप्रवेश साहू, खड्ग उर्फ राजा सिंह, अभिषेक और पिंटू के खिलाफ सार्वजनिक जुआ (छ.ग. संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 4ए, आईपीसी की धारा 420, 120बी और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत जुर्म दर्ज की थी। इधर ईडी को छापामार कार्रवाई के बाद जांच के दौरान पता चला कि एक लैपटॉप सेट से वे ऑनलाइन पैसे इकट्ठा कर रहे थे। आईडी से वे महादेव बुक के माध्यम से दूसरों के लिए ऑनलाइन क्रिकेट मैच, घुड़दौड़, ग्रेहाउंड रेसिंग, कबड्डी आदि पर दांव लगा रहे थे। आरोपियों से पूछताछ करने पर अभिषेक और पिंटू के नाम की जानकारी दी। जांच के दौरान ही पता चला कि महादेव ऑनलाइन बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ऑनलाइन मोड के माध्यम से सट्टेबाजी ऐप चला रहे थे।

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए

## 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करेगा केंद्र सरकार-राजनाथ...

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारत में शिक्षा की बुनियादी गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र ने देश भर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को केरल के अलाप्पुझा में विद्याधिराज विद्यापीठम सैनिक स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह के दौरान इस पहल की घोषणा की। अलाप्पुझा में विद्याधिराज सैनिक स्कूल के 47वें वार्षिक दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त कर दिया है।



राजनाथ ने कहा कि केंद्र ने देश के विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और दूरदराज के क्षेत्रों के कर्मियों को शामिल करने के लिए भारत के हर क्षेत्र और जिले में सैनिक स्कूलों की पहुंच का विस्तार करने का निर्णय लिया है। रक्षा मंत्री, जो कुछ कार्यक्रमों के लिए केरल में हैं, ने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे देश स्वास्थ्य, संचार, उद्योग, परिवहन और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, इसकी आवश्यकता है शिक्षा में क्रांति और बच्चों का सर्वांगीण विकास। रक्षा मंत्री ने कहा कि कम ही लोग जानते हैं कि हमारी संविधान सभा में 15 महिला सदस्यों में से तीन केरल से थीं। अम्मू स्वामीनाथन, दक्षिणायनी वेलायुधन और एनी मास्कारेन। उन्होंने कहा कि समन्वयवाद केरल की संस्कृति की एक उल्लेखनीय विशेषता है। उन्होंने कहा कि सच्ची करुणा असीम है। यह देने वाले के जीवन को समृद्ध बनाता है।

### श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, बेहतर व्यवस्था के लिए पीएम मोदी

**महाकुंभ।** प्रयागराज में लगे महाकुंभ में गंगा और यमुना का संगम सिर्फ दो नदियों का नहीं, बल्कि सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का भी संगम है। देश-दुनिया से आने वाले लाखों-करोड़ों लोग यहां रोजाना संगम के तट और निर्मल गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बन रहे हैं। वही संगम क्षेत्र में पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि इस बार पीएम मोदी और सीएम योगी ने जिस तरीके से यहां पर व्यवस्था की है, वह बहुत अच्छी है। सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर सभी व्यवस्थाएं काफी अच्छी की गई हैं। 144 साल बाद आए इस महाकुंभ में स्नान करके हम धन्य महसूस कर रहे हैं।

केजरीवाल और भगवंत मान की बढ़ी मुसीबत

## केजरीवाल पर 100 करोड़ की मानहानि का मुकदमा दायर.....

नई दिल्ली/ एजेंसी

नई दिल्ली विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ 100 करोड़ रुपये के मानहानि का दावा किया है। इसके लिए वर्मा ने दोनों नेताओं को कानूनी नोटिस भेजा है। भाजपा नेता का कहना है कि आप के दोनों नेताओं ने उनके खिलाफझूठे और बेबुनियाद बयान दिए हैं। इससे चुनाव के दौरान उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल और भगवंत मान के



उन आरोपों को सिरे से खारिज किया है, जिसमें दोनों नेताओं ने कहा था कि वर्मा ने पंजाबियों को ''देश के लिए खतरा'' बताया है। वर्मा के मुताबिक, वह व उनके परिवार ने सिख समुदाय के लिए जो किया है, वह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। केजरीवाल का दावा पूरी तरह झूठा और राजनीति से प्रेरित है। वर्मा ने बताया कि उन्होंने चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस को जो सबूत सौंपे हैं, उससे पता चलता है कि पंजाब से हजारों गाड़ियां दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए लाई गई हैं। इनमें आप के मंत्री, विधायक और खुद मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हैं। उनका आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इन वाहनों से चीन में बने सीसीटीवी कैमरे, शराब और पैसे बांटे जा रहे हैं। प्रवेश वर्मा ने कहा कि केजरीवाल पर हिंदू भावनाओं को आहत करने के लिए भगवान राम और हनुमान पर की गई ।

काशी-प्रयागराज समेत सात जिलों के धार्मिक क्षेत्र को योगी कैबिनेट की मंजूरी

# विकास को मिलेगी रफ्तार-एक्सप्रेसवे और ब्रिजों की सौगात

प्रयागराज/ एजेंसी

महाकुंभ में बुधवार को हुई योगी कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें प्रयागराज हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल, संगम के पास अरैल में भी एक सामानंतर पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा.. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा...। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें



प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक सतत विकास बनाने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे। इसके बुनियादी ढांचे के लिए, गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार दिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा... यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है, वाराणसी और चंदौली से, यह (गंगा) एक्सप्रेसवे सोनभद्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा... सीएम योगी ने कहा कि हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल बनेगा, अरैल में भी एक पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम हैं। इन तीनों के लिए बॉन्ड जारी किए जाएंगे... पिछले एक हफ्ते में 9.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है... प्रयागराज नगर निगम प्रयागराज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बॉन्ड जारी करेगा...

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, आविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

# कलेक्टर -एसपी पहुंचे खपराड़ीह,स्कूल व अस्पताल में छात्रों क़ी स्थिति का लिया जायजा

## जिला प्रशासन क़ी त्वरित कार्यवाही, श्री सीमेंट सयंत्र के ए.एफआर एरिया को किया गया सीलबंद

## पीड़ित छात्रों के बेहतर ईलाज सहित पढ़ाई के लिए समुचित व्यवस्था के भी निर्देश



**भाटापारा ( समय दर्शन )।** सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत खपराडीह के स्कूली बच्चों का अचानक तबियत ख़राब होने क़ी सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल बुधवार को खपराडीह पहुंचे। उन्होंने हायर सेकेण्डरी स्कूल खपराडीह में बच्चों तथा शिक्षकों से मिलकर जानकारी ली।बच्चों ने बताया कि सयंत्र से निकलने वाली गैस क़ी दुर्गन्ध के कारण बेचैनी, घबराहट क़ी समस्या हो रही है। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला में भर्ती पीड़ित छात्रों एवं अभिभावकों से मिले और अस्पताल में मौजूद चिकित्स्कों से जानकारी लेकर बेहतर ईलाज के निर्देश दिए। 18 पीड़ित छात्रों में से 12 को सीएचसी सुहेला में तथा 6 को बलौदाबाजार एवं भाटापारा के अस्पताल में स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल श्री सीमेंट सयंत्र के एएफआर एरिया को सीलबंद करने क़ी कार्यवाही क़ी गई। कलेक्टर ने श्री सीमेंट सयंत्र के अल्टरनेट फ्यूल रिसोर्स सेंटर के प्रमुख से पूछ- ताछ क़ी और सुरक्षा के सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि पर्यवारण संरक्षण मण्डल रायपुर तथा औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग क़ी टीम पहुँच गई है जो सयंत्र के एएफआर क़ी जांच करेगी।इसके साथ ही वायु प्रदुषण स्तर क़ी भी जांच करने के साथ निगरानी करेगी।उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को छात्रो के पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए अन्य स्थान पर पढ़ाई के वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि ग्राम खपराडीह में हायर सेकेण्डरी स्कूल से करीब डेढ़ किलोमीटर क़ी दूरी पर श्री सीमेंट सयंत्र स्थापित है। इस सयन्त्र से निकलने वाली गैस क़ी दुर्गन्ध के कारण स्कूल आने वाले कुछ छात्रों क़ी तबीयत ख़राब होने क़ी आशंका जताई जा रही है। इस दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा, उप संचालक खनिज कुंदन कुमार बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पंचायत सरसीवा और पवनी के प्रशासक बने तहसीलदार



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )**/नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में अधिसूचना प्रकाशित किया है। इसके अनुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत सरसीवा के प्रशासक तहसीलदार होंगे। तहसीलदार सरसीवा आयुष तिवारी ने प्रशासक का पदभार ग्रहण कर लिया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 के तहत प्रशासक नियुक्त किया है। इसी प्रकार कमलेश सिदार तहसीलदार बिलाईगढ़ को पवनी नगर पंचायत का प्रशासक नियुक्त किया गया है।

### विद्यार्थी कला कौशल, परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक लम्बी लकीर खींचे - डीईओ पटेल



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )** पठन पाठन के साथ खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमो की आयोजनों से बच्चों मे अंतर्निहित कला कौशल, प्रतिभा का निखार होता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थी अपनी भावनाओं,कल्पनाशीलता और सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने का अवसर प्राप्त करता है । विविध विधाओं और परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतिभागी एक लंबी लकीर खींच सकते हैं , जो आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान और प्रेरणास्त्रोत का कार्य करेगी । सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने और पठन पाठन शैली को निखारने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उक्त उद्गार जिला शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल ने बरमकेला विकासखंड के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर बरमकेला मे आयोजित वार्षिकोत्सव सह स्नेह मिलन समारोह में पालकों,बच्चों और आचार्यों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे । इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल के साथ जिला नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा नरेश चौहान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र जांगड़े, जिला नोडल अधिकारी मुकेश कुर्रे, ध्रुव कुमार महन्त विद्यालय के प्राचार्य पाणिग्रही, आचार्य गण,समिति के सदस्यगण , व्यवस्थापक और भैया बहिन और अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के भैय्या बहिनों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया।

### सी एम ओ ने सफ़ाई कार्यो का किया निरीक्षण




**सारंगढ़ (समय दर्शन )।** नपा परिषद क्षेत्र अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश पांडे के द्वारा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया , सफ़ाई एवं निर्माण कार्य का जायजा उनके द्वारा लिया गया । वहीं वार्ड वासियों से मिलकर स्वच्छता में सहभागिता देकर अपने घरों के आसपास साफ सफ़ाई रखनें, झिल्ली पन्नी का उपयोग न करने एवं कचरा डोट टू डोर वाहन में डालने के लिए अपील की गई । मुख्य नपा अधिकारी राजेश पांडे के द्वारा नगर में साफ सफ़ाई का निरीक्षण उपरांत स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने सफ़ाई अमले को निर्देशित कियें , वही नगर में चल रहे आवास निर्माण योजना और विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन कर समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए । इस दौरान उन्होंने उपअभियंता कंवर एवं यादव के साथ सफ़ाई विभाग प्रभारी को निर्देशित कियें कि - प्रतिदिन निर्धारित समय में निकाय की सफ़ाई सुनिश्चित करें , साथ ही नियमित रूप से कचरा उठावें, झिल्ली पन्नी का उपयोग करने वालों, मलमा सड़क में फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए ।

## नगरीय निकाय निर्वाचन में जिले के 6 नगरीय निकायों के एक लाख 3 हजार 692 मतदाता करेंगे मतदान

### महासमुंद नगरपालिका में सर्वाधिक 47 हजार 178 मतदाता, वहीं नगर पंचायत तुमगांव में 6126 मतदाता

**महासमुंद,( समय दर्शन )।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई। चुनाव की सूचना का प्रकाशन सुबह 10:30 बजे किया गया, जिसमें सीटों के आरक्षण और मतदान केंद्रों की सूची शामिल है। चुनाव में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज से आरंभ हो चुकी है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 है। इसके बाद नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी को होगी, और प्रत्याशी अपना नाम 31 जनवरी तक वापस ले सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदान 11 फ़रवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। मतदान का समय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा 15 फ़रवरी 2025 को की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू ने बताया कि महासमुंद जिले के अंतर्गत आने वाले 06 नगरीय निकायों में कुल 105 वार्ड शामिल है। नगरीय निकाय अंतर्गत 03 नगर पालिका परिषद् महासमुंद, बागबाहरा व सरायपाली तथा 03 नगर पंचायत तुमगांव, बसना एवं पिथौरा शामिल है। वर्तमान में नगरीय निकाय अंतर्गत मतदाताओं की कुल संख्या एक लाख 03 हजार 692 है, जिसमें पुरुष मतदाता 49 हजार 408 तथा महिला मतदाता 54 हजार 271 और तृतीय लिंग अंतर्गत 13 मतदाता शामिल है। जिसमें नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत 30 वार्डों में 47 हजार 178 मतदाता है, इनमें पुरुष मतदाता 22 हजार 254, महिला मतदाता 24 हजार 915 व तृतीय लिंग मतदाता 09 है। इसी तरह बागबाहरा अंतर्गत 15 वार्डों में 15 हजार 887 मतदाता है, जिसमें पुरुष मतदाता 07 हजार 617, महिला मतदाता 08 हजार 266 व तृतीय लिंग मतदाता 04 है। नगरपालिका सरायपाली अंतर्गत 15 वार्डों में 17 हजार 175 मतदाता है, जिसमें 08 हजार 348 पुरुष मतदाता व 08 हजार 827 महिला मतदाता है।

## गणतंत्र दिवस समारोह 2025 : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरगुजा जिला मुख्यालय में करेंगे ध्वजारोहण



**रायपुर समय दर्शन**/ 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरगुजा जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर राज्य के अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्रीगण, सांसदगण और विधायकगण मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन करेंगे।

केन्दीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू कोरबा, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव रायगढ़, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा बस्तर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दुर्ग, मंत्री श्री रामविचार नेताम सूरजपुर, मंत्री श्री दयालदास बघेल महासमुंद, मंत्री श्री केदार कश्यप दंतेवाड़ा, मंत्री श्री लखन लाल देवांगन जशपुर, मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी बिलासपुर, मंत्री श्री टंक राम वर्मा राजनांदगांव एवं मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगी।

इसी तरह सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल धमतरी, सांसद श्री विजय बघेल कबीरधाम, सांसद श्री संतोष पांडेय गरियाबंद, सांसद श्री चिंतामणि महाराज कोरिया, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी बलौदाबाजार, सांसद श्री राधेश्याम राठिया जांजगीर-चांपा, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सांसद श्री महेश कश्यप कांकेर, सांसद श्री भोजराज नाग सुकमा, सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह कोंडागांव, विधायक सुश्री लता उसेंडी नारायणपुर, विधायक श्री गुरू खुशवंत साहेब बेमेतरा, विधायक श्रीमती गोमती साय मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, विधायक श्री प्रणव कुमार मरपच्ची सारंगढ़-बिलाईगढ़, विधायक श्री ललित चंद्राकर बालोद, विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले सक्ती, विधायक श्री अमर अग्रवाल मुंगेली, विधायक श्री अजय चंद्राकर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और विधायक श्री किरण देव बीजापुर जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण करेंगे।

## दो दिवसीय प्रीमियर लीग कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ ब्लाक कबड्डी संघ पामगढ़ के आयोजन में डोंगाकोहरौद में हो रहा आयोजित




**जांजगीर चांपा समय दर्शन** / ब्लाक कबड्डी संघ के तत्वाधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन डोंगाकोहरौद में हो रहा है , जिसका शुभारंभ आज अतिथियों द्वारा भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना व फीता काट कर किया गया। इस खेल के आयोजन में 24टीम हिस्सा ले रही है जिसमें आज उदघाटन शो मैच बालिका डोंगाकोहरौद व चैतन्य महाविद्यालय के बीच खेली गई जिसमें चैतन्य महाविद्यालय की बालिकाओं ने जीत हासिल की । मैच का आगाज पड़रिया पैथर लीग व तनौद टाइगर के बीच हुआ जो बराबरी में समाप्त हुआ । यह आयोजन संघ के बैनर तले ग्राम डोंगाकोहरौद वासियों के सहयोग से हो रहा है जिसमें आकर्षक पुरुस्कार भी रखे गए हैं और प्रतियोगिता का समापन कल 23 की शाम पुरुस्कार वितरण के साथ होगा। प्रतियोगिता में जहां विनोद शुक्ला , भुवन श्रीवास , गुरुचरण निषाद , सन्नी उरांव , उज्जवल तिवारी , लखन प्रधान , बलराम ध्रुव , योगेश्वर साहु आयोजन की कमान संभाले हुए हैं, वहीं इस खेल में राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें रविशंकर कौशिक , प्रदीप श्रीवास , गीतेश सारथी व अन्य शामिल हैं । भाईचारा व आपसी सद्भाव से खेले खिलाड़ी - देवकुमार पाण्डेय कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि देवकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल ने अपने उद्बोधन में कहा कि खिलाड़ी आपसी भाईचारा व सद्भाव के साथ खेलकर अपने अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए खेले और देश राज्य में अपना नाम रोशन करे । कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि दीनदयाल साहु सभापति जनपद पंचायत पामगढ़ ने संबोधित किया वहीं अन्य अतिथियों में चंद्रभान कौशिक , घनश्याम साहु , पुहकल सिंह धूंढेल , पांडव लाल कश्यप मौजूद रहे ।

## 26 जनवरी किसकी परेड, किसकी सलामी

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** 26 जनवरी के ध्वजारोहण की सूची ने इस बार भी राजनीति के नए संकेत दिए हैं। बिलासपुर में ध्वजारोहण की जिम्मेदारी यूथ आइकॉन कहे जाने वाले मंत्री ओपी चौधरी की है। जिन्हें सचिवालय के हलकों में गोपी भी कहा जाता है। बिलासपुर को अपनी राजनीतिक कर्मभूमि और पावर सेंटर बनाकर पुराने दिग्गजों को हसीए पर धकेलने वाले डिप्टी सीएम अरुण साव को रायगढ़ की जिम्मेदारी दी गई। राष्ट्रीय राजनीति में बिहार, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड में चुनाव की कमान संभालने वाले तोखन साहू जी को कोरबा में परेड की सलामी लेना है। सबको जिज्ञासा थी कि भैया को कहां का झंडा वंदन मिलेगा। तो उन्हें एससी बहुल्य मुंगेली जिला भेजा गया। सब जानते हैं कि इन दोनों एससी राजनीति राज्य सरकार से संभाले नहीं संभाल रही है। सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता और नेता जेल में है। बलौदाबाजार अग्निकांड पर धूल डालने का क्रम अब सफाई पर है। जिले के तत्कालीन कलेक्टर और एसपी की बहाली हो गई। कलेक्टर साहब का पुनर्वास तो बिलासपुर में ही हुआ। बिलासपुर में झंडा फहराने की जिम्मेदारी जिन्हें मिली है वे आजकल पब्लिक से मिलना ही नहीं चाहते। आंदोलन रत बेचारे शिक्षक ब्रह्म मुहूर्त में भी उनके बंगले जाते हैं और पीट कर वापस आते हैं। शिक्षक यूथ हैं। और मंत्री जी आइकॉन बहुत हल्ला था पर आपा धापी में होने जा रहे चुनाव के पूर्व मंत्रिमंडल विस्तार नहीं हुआ। ऐसे कुछ मंत्री जिनकी विदाई तय थी को मौका है अपने-अपने जिलों में प्रदर्शन सुधारने ले, जिनके मंत्री बनने की संभावना है उनमें से कुछ को बड़ा मौका मिला है अपने प्रदर्शन को दिखाने का ऐसे में भैया के दोनों हाथ में लड्डू है। घोषणा पत्र का प्रमुख और मुंगेली में झंडा वंदन...।

हालांकि बिलासपुर के नागरिक अब पूछ रहे हैं कि इस बार एक ही निगम का चुनाव क्यों हो रहा है। भैया तो बोले थे कि निगम के चुनाव के पूर्व ही बिलासपुर जिले में दो निगम होंगे। और उनका घोषणा पत्र भी यही कहता था।

## मुकेश साहू को जनता का ऐतिहासिक समर्थन, भावुक होकर बोले - आपका विश्वास मेरा ताक़त है

**सारंगढ़-बिलाईगढ़: ( समय दर्शन )।** सारंगढ़ जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 17 से जनपद सदस्य पद के लिए मैदान में उतरे परसदा बड़े गांव के निवासी मुकेश साहू आज क्षेत्रीय राजनीति का सबसे चर्चित चेहरा बन गए हैं। क्षेत्र के लोगों ने जिस तरह से उन्हें समर्थन और प्यार दिया है, उसने सभी का ध्यान आकर्षित किया है। अपने संघर्ष, सेवा और सादगी के लिए पहचाने जाने वाले मुकेश साहू ने क्षेत्र के विकास के लिए खुद को जनता के बीच समर्पित कर दिया है।

**जनता ने खुद किया नाम प्रस्तावित:-** मुकेश साहू की उम्मीदवारी किसी सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने खुद उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि,

हमने अब तक कई जनप्रतिनिधियों को देखा, लेकिन उनमें से किसी ने भी जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया। मुकेश साहू हमेशा हमारे सुख-दुख में बिना किसी पद या स्वार्थ के साथ खड़े रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि हम उन्हें हमारी आवाज बनने का मौका दें।

**मुकेश साहू की विनम्र शुरुआत:-** मुकेश साहू ने जनता के इस आग्रह को अपने जीवन का सबसे बड़ा सम्मान बताया और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया। उनके इस फैसले ने पूरे क्षेत्र में उम्मीद की एक नई लहर पैदा कर दी है।

**हर वर्ग से समर्थन :** मुकेश साहू को छोटे-बड़े, महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी का समर्थन मिल रहा है।

युवा वर्ग उनके साथ इसलिए खड़ा है क्योंकि वे उन्हें प्रेरणा और ऊर्जा का प्रतीक मानते हैं।

महिलाओं का कहना है कि मुकेश साहू ने हर कठिनाई में उनके अधिकारों और जरूरतों का ध्यान रखा।



बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे सच्चे मायने में जनसेवक हैं।

**भावुक हुए मुकेश साहू:-** लोगों के इस प्यार और विश्वास से भावुक होकर मुकेश साहू ने एक सभा में कहा,

मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि आप सबका इतना समर्थन और स्नेह मिलेगा। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं वादा करता हूं कि आपके भरोसे को कभी टूटने नहीं दूंगा। आप ही मेरी ताकत हैं, और आपका विश्वास ही मेरी प्रेरणा है।

**विकास का विजन:-** मुकेश साहू ने अपने भविष्य के योजनाओं पर बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में समग्र विकास करना है। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया:

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार

बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर

महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम

ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना

**चुनाव से पहले बढ़ती लोकप्रियता:-** मुकेश साहू की चुनावी यात्रा अभी शुरू ही हुई है, लेकिन उनके प्रति जनता का रुझान और समर्थन इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि इसे जनता का आंदोलन कहा जा रहा है। उनके घर से लेकर क्षेत्र के हर कोने तक लोगों का हुजूम दिखता है। छोटे-बड़े सभी उन्हें जीत का आशीर्वाद और समर्थन दे रहे हैं।

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ की राजनीति को मिलेगा नया नेतृत्व:-** मुकेश साहू का उदय क्षेत्रीय राजनीति में एक नई दिशा का प्रतीक बन सकता है। उनके प्रति जनता का यह ऐतिहासिक समर्थन यह दर्शाता है कि अब क्षेत्र को एक ऐसा प्रतिनिधि चाहिए, जो केवल वादे न करे, बल्कि काम करके दिखाए।

आने वाले चुनाव में मुकेश साहू का प्रदर्शन निश्चित ही सारंगढ़-बिलाईगढ़ की राजनीति को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा।

सार समाचार

## घर के बाहर खड़ी प्लेजर गाड़ी पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** आरडीए कालोनी डीपरापारा स्थित प्लेजर को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भानुप्रताप सारथी 45 वर्ष आरडीए कालोनी डीपरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी प्लेजर क्रमांक सीजी 04 एचडब्ल्यू 0279 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए प्लेजर की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## बदमाश महिला का पर्स छीनकर भागे

**रायपुर( समय दर्शन )।** बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने स्कूटी सवार महिला के पर्स छीनकर भाग निकले। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पुष्पलता देवांगन 35 वर्ष ओम विहार महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर की रहने वाली है। प्रार्थिया अपनी सास के साथ स्कूटी से जा रही थी, तभी गोल्डन टावर के सामने अमलीडीह में बाइक सवार दो युवक पीछे से आए और महिला के हाथ से पर्स छीनकर भाग निकले। चोरी गए पर्स में 2 सोने की झूमका व मोबाइल फोन था। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आररोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## रेस्टोरेंट से नकदी सहित मोबाइल पर किया हाथ साफ

**रायपुर( समय दर्शन )।** मरीन ड्राइव स्थित हल्दीराम रेस्टोरेंट का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर ने केश काउंटर में रखे नकदी 22239 रुपए और सेमसंग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद आदिल 25 वर्ष हल्दीराम रेस्टोरेंट का संचालक है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके रेस्टोरेंट का दरवाजा तोड़कर केश काउंटर में रखे नकदी 22239 रुपए और सेमसंग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 24739 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चुनाव कार्यक्रम और परीक्षाओं का टकराव

# कांग्रेस की मांग : एक साथ जारी हों निकाय-पंचायत चुनावों के परिणाम

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए स्थानीय निकाय चुनावों और पंचायत चुनावों की तारीखों को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों की अधिसूचना एक साथ जारी होने के बावजूद उनके परिणाम अलग-अलग दिनों में घोषित किए जा रहे हैं। कांग्रेस ने इसे अनुचित बताते हुए निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है और दोनों चुनावों के परिणाम 24 फरवरी को एक साथ घोषित करने की मांग की है। दीपक बैज ने कहा कि चुनाव कार्यक्रमों के कारण छात्रों और अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है। ष्टक्चस्ष्ठ, द्बह्रस्ष्ठ और छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षाएं भी इसी समय होने वाली हैं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले चुनाव टालने और अब




जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण छात्रों के हितों की अनदेखी हुई है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार के 1 साल के कार्यकाल को विफल करार देते हुए कई मुद्दे उठाए। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। हत्या, लूट, बलात्कार और चाकूबाजी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। नक्सलवाद की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार 1 साल में नक्सल नीति तक नहीं बना सकी। कांग्रेस ने घोषणा की कि वह भाजपा सरकार की विफलताओं और वादाखिलाफी को चुनावी मुद्दा बनाएगी। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से निष्पक्षता सुनिश्चित करने और दोनों चुनावों के परिणाम 24 फरवरी को एक साथ घोषित करने की अपील की है। पार्टी ने कहा कि वह जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। दीपक बैज के साथ महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर और अन्य वरिष्ठ नेता पत्रकार वार्ता में मौजूद थे।

## दपूम रेलवे ने मात्र 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान का आंकड़ा पार किया

**रायपुर( समय दर्शन )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित प्रयासों से अपने सर्वाधिक लदान करने वाले जोन में से एक होने के खिताब एवं परंपरा को बरकरार रखने की ओर अग्रसर है। अपने ठोस इरादों की बदौलत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश के औद्योगिक विकास में योगदान देते हुए नवीन प्रबंधन प्रणाली से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के 01 अप्रैल' 2024 से 20 जनवरी' 2025 तक केवल 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान को पूरा किया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्षों 2023-24 में 318 दिनों, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 345 दिनों तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 348 दिनों में यह उपलब्धि हासिल की थी । भारतीय रेलवे में 65त्न इंक्रीमेंटल लोडिंग की भागीदारी के साथ यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है । इस अवधि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान, रासायनिक खाद, खनिज तेल एवं स्टील कारखानो के लिए कच्चे माल आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में माल लदान वृद्धि ऐसे समय में देखने को मिल रहा है जब इस रेलवे में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिये रेल लाइनों का दोहरीकरण, तीहरीकरण एवं चौथी लाइन जैसे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी कार्य किये जा रहे है । इस प्रकार आधार संरचना में अभूतपूर्व प्रगति के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोयले एवं अन्य खनिजों के लदान में भी बढ़ोत्तरी कर देश के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की है तथा स्थानीय लोगों की रोजगारपरक क्रियाओं में वृद्धि करने का योगदान दिया है । इस उपलब्धि के पीछे माल लदान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख सहभागी कोल इंडिया के विभिन्न प्रकल्पों तथा अन्य ग्राहकों के साथ प्रत्येक स्तर पर बेहतर कार्य का भी बड़ा योगदान है । समय समय पर बैठकों के जरिये उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया है । भारतीय रेलवे में सर्वाधिक माल ढुलाई करने वाले रेल मण्डल के रूप में विख्यात बिलासपुर रेल मण्डल ने भी पिछले वर्ष की तुलना में 32 दिन पहले ही 150 मिलीयन टन माल ढुलाई के आंकड़े को हासिल किया है ।

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बच्चों को पिलाई विटामिन व आयरन की खुराक

### शिशु संरक्षण माह का शुभारम्भ

**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शिशु संरक्षण माह के शुभारंभ पर कालीबाड़ी स्थित जिला चिकित्सालय में 6 माह से 5 साल के बच्चों को आयरन ड्रॉप और 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ड्रॉप पिलाया। यह कार्यक्रम 21 जनवरी से शुरू होकर आगामी 21 फरवरी तक चलेगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अस्पताल का भी निरीक्षण किया और बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में खिड़कियों में जाली लगाने का निर्देश दिए , ताकि मच्छरों से होने वाले संक्रमण से बच्चों को बचाया जा सके। शिशु संरक्षण माह का उद्देश्य बच्चों में खून की कमी और विटामिन की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव करना है। इस अभियान के



तहत बच्चों को आवश्यक पोषण तत्वों की खुराक दी जा रही है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से हो सके। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने बच्चों को समय पर विटामिन और आयरन ड्रॉप की खुराक दें, ताकि उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे।

## छात्राओं ने लोक नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**रायपुर( समय दर्शन )।** शासकीय दू ब महिला महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने सभी प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया और छात्राओं की सराहना की। दूसरे और तीसरे दिन विभिन्न ललित कला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दूसरे दिन ग्रीटिंग कार्ड, थाली सज्जा, मेहंदी, पुष्प सज्जा और केश सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतिम दिन समूह गीत, एकल नृत्य और समूह नृत्य प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने बारहमासी, गौरा गौरी,



सुआ,पंथी के साथ पंजाबी, राजस्थानी और दक्षिण भारतीय नृत्य प्रस्तुत किया। पूरा ऑडिटोरियम भरा हुआ था और सभी ने प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया। नृत्य संयोजक डॉ स्वप्निल कर्महे के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता पूरी हुई यह कार्यक्रम छात्र संघ प्रभारी डॉ वैभव आचार्य, सदस्य डॉ मिनी एलेक्स, डॉ कल्पना मिश्रा, डॉ रितु मारवाह और डॉ प्रीतिबाला जायसवाल द्वारा आयोजित किया गया। नृत्य संयोजक डॉ स्वप्निल कर्महे के मार्गदर्शन में नृत्य प्रतियोगिता पूरी हुई।

## केयर हेल्थ इंश्योरेन्स ने लॉन्च किया नया प्लान अल्टीमेट केयर: हेल्थ इंश्योरेन्स का नया दौर

**रायपुर।** भारत के अग्रणी स्वास्थ्यसेवा प्रदाताओं में से एक केयर हेल्थ इंश्योरेन्स ने आधुनिक हेल्थ इंश्योरेन्स 'अल्टीमेट केयर' के लॉन्च की घोषणा की है, केयर इंश्योरेन्स की ओर से पेश किया गया यह प्रोडक्ट हेल्थ कवरेज में नए बेंचमार्क स्थापित करेगा। अल्टीमेट केयर ढेरों फायदों के साथ अचानक आने वाली मेडिकल एमरजेन्सी को कवर करता है और आपको स्वस्थ्य बने रहने के लिए रिवॉर्ड भी देता है। अल्टीमेट केयर मनीबैक फीचर सहित व्यापक हेल्थ कवरेज के साथ आता है, जहां पॉलिसीहोल्डर को स्वस्थ बने रहने के लिए रिवार्ड दिए जाएंगे। कंपनी 5 साल क्लेम न लेने के बाद पहले साल का बेस प्रीमियम रीफंड कर देती है। इस प्रोडक्ट का फीचर लॉयल्टी बूस्ट अतिरिक्त सम इंश्योर्ड देता है, जो 7 साल तक क्लेम न लेने के बाद पॉलिसी के पहले वर्ष के बराबर है, इसी तरह इन्फीनिटी बोनस कुल बोनस को सीमित नहीं करता और हर साल एसआई का 100 फीसदी बोनस देता है- फिर चाहे कितनी बार भी क्लेम लिए गए हों- इसमें लगातार पॉलिसी रीन्युअल कराने पर अनलिमिटेड क्लेम शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा यह प्लान वैलनैस डिस्काउन्ट भी देता है, जिसके तहत पॉलिसीहोल्डर हेल्दी डेज़ प्रोग्राम के साथ रीन्युअल प्रीमियम पर 30 फीसदी तक छूट का लाभ उठा सकते हैं। लॉन्च के अवसर पर अजय शाह, हैड- डिस्ट्रीब्यूशन, केयर हेल्थ इंश्योरेन्स ने कहा, ''आज के दौर में हेल्थकेयर की बात करें तो उपभोक्ताओं के लिए ऐसी मजबूत और व्यापक आर्थिक सुरक्षा ज़रूरी है, जो अचानक आने वाली मेडिकल एमरजेन्सी में उनके काम आ सके।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी के बड़कोट में एक रोड शो में भाग लिया.



## कलर्स ने 'डोरी' की वापसी के साथ दिल के रिश्ते को बुना है

**नईदिल्ली।** सदियों पुरानी धारणा को चुनौती देते हुए कि खून पानी से अधिक गाढ़ा होता है, कलर्स अपने प्रिय शो 'डोरी' को वापस लेकर आया है। शो का दूसरा अध्याय बुना जा रहा है जहां दिल के रिश्ते किसी भी पारिवारिक बंधन से अधिक मजबूत हैं। इसके पहले सीज़न में, एक अनाथ लड़की डोरी को एक साधारण बुनकर बचा लेते हैं और उसकी परवरिश करते हैं, और इस कहानी ने लाखों लोगों के दिलों में घर कर लिया। अब इस कहानी ने 14 साल की लीप है, जिसके साथ ही भाग्य फिर से इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि खून से बढ़कर दिल का रिश्ता होता है और परवरिश पैदाइश से बड़ी होती है। इस भावना के साथ, डोरी, जो कभी खुद अनाथ थी, एक क्षमतावान और करुणामय महिला बन गई है। अब वह अपने जीवन के हर पहलू में अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। एक नवजात बच्ची को बचाने के बाद, डोरी बच्ची का नाम शुभी रखती है और उसकी संरक्षक बनने का वादा करती है, भले ही इसके लिए उसे सिंगल मां के रूप में सामाजिक आलोचना का सामना करना पड़े। वह नहीं जानती कि बुनकर समुदाय से नफरत करने वाली क्रूर ठकुराइन राजनंदिनी के रूप में मुश्किलें उसका इंतज़ार कर रही हैं। गंगा प्रसाद की भूमिका में अमर उपाध्याय, डोरी के रूप में प्रियांशी यादव, और राजनंदिनी के किरदार में श्रीजिता डे अभिनीत, और किन्नरी व जय मेहता द्वारा निर्मित, 'डोरी' का प्रीमियर 21 जनवरी को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:30 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

### आदर्श आचार संहिता नामांकन प्रक्रिया, मतदान केन्द्रों की व्यवस्था एवं मतगणना की पारदर्शिता पर की गई चर्चा

### चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी : राज्य निर्वाचन आयुक्त



**रायपुर( समय दर्शन )।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह के अध्यक्षता में आगामी चुनाव प्रक्रियाओं के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा और समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में चुनाव कार्यक्रम की समीक्षा और तैयारियों पर चर्चा की गई। सभी राजनीतिक दलों को चुनावी आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने तथा ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के उपयोग को लेकर राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई। मशीनों की कार्यप्रणाली और उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वासन दिया गया साथ ही तकनीकी समस्याओं से निपटने के लिए त्वरित समाधान पर चर्चा की गई। निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस और प्रशासन के साथ समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया । बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा चुनावी प्रक्रियाओं के सम्बन्ध पूछे गए प्रश्नों के जवाब भी दिए गए। नामांकन प्रक्रिया, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और मतगणना की पारदर्शिता पर चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाना था, ताकि लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत हो सके। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने कहा कि गत कल 20 जनवरी को निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी स्थानीय निकाय निर्वाचन हेतु तारीखों की घोषणा कर दी गई है तथा राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन में अब महापौर एवं अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रीति से संपन्न होगा। नगरपालिकाओं का निर्वाचन मल्टी पोस्ट मल्टी वोट ई.व्ही.एम. द्वारा करवाया जाएगा। महापौर एवं अध्यक्ष पद हेतु व्यय सीमा निर्धारित की गई है तथा पार्षद पद हेतु कोई व्यय सीमा नहीं है। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने बताया कि कुल 173 नगरपालिकाओं में 10 नगरपालिक निगम, 49 नगरपालिका परिषद् तथा 114 नगर पंचायत एवं 3201 वार्डों में चुनाव संपन्न होगा। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों के जिला पंचायत सदस्य हेतु 433, जनपद पंचायत सदस्य हेतु 2973, सरपंच पद हेतु 11672 तथा पंच पद के लिए 1,60,180 पदों पर आम निर्वाचन कराया जाना है। 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 44 लाख 74 हजार 269 नगरीय मतदाताओं की संख्या है इसी प्रकार पंचायतों में 1 करोड़ 58 लाख 12 हजार 580 ग्रामीण मतदाता है। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु 37,033 मतदान केन्द्र बनाये जायेगें। इस निर्वाचन हेतु लगभग 1 लाख 80 हजार मतदान कर्मी की ड्यूटी लगाई जायेगी। उन्होंने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 गैर दलीय आधार पर एवं मतपेटी के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। नामनिर्देशन पत्र प्ररूप-3 में प्राप्त किया जायेगा। कोई व्यक्ति महापौर/अध्यक्ष एवं पार्षद दोनों के लिए अभ्यर्थी हो सकता है एवं प्रत्येक पद हेतु निर्धारित प्रतिभूति राशि पृथक से जमा करना होगा। महापौर/अध्यक्ष पद के व्यय लेखा हेतु नाम निर्देशन प्रस्तुत करने के पूर्व एक पृथक बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर शपथ पत्र एवं प्रतिभूति निक्षेप राशि नहीं प्रस्तुत करने पर नामनिर्देशन पत्र अस्वीकार किया जावेगा। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, उपसचिव डॉ. नेहा कपूर, श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव एवं निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### श्रृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अंदरूनी मुश्किलों का इज़हार खुल कर हुआ। पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर श्रृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है। ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय क्रिकेट टीम हार जाए, यह अनहोनी नहीं है। हालांकि पिछले दो दौरों में टीम वहां विजय पताका लहरा कर लौटी, मगर उसके पहले का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। वैसे भी हार-जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए पराजय पर हाय-तौबा की जरूरत नहीं होती। मगर ऑस्ट्रेलिया के खत्म हुए ताजा दौरे में बात सिर्फ यह नहीं है कि भारत ने 1-3 से सीरीज गंवा दी। बात टीम की अंदरूनी मुश्किलों की है, जिसका इज़हार खुल कर हुआ। पहले तो श्रृंखला के बीच में ही रविचंद्रन अश्विन रिटायरमेंट का एलान कर भारत लौट गए। उनके और उनके परिजनों से बयानों से साफ है कि अश्विन टीम में खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस कर रहे थे। अश्विन का रिकॉर्ड मैच विनर का रहा। पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वे चंद गेंदबाजों में हैं, जिन्होंने 500 से ज्यादा विकेट लिए। भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले वे दूसरे खिलाड़ी रहे। ऐसे खिलाड़ी की बे-आबरू विदाई टीम प्रबंधन पर कलंक छोड़ गई। मगर बात वहीं तक नहीं रुकी। अंतिम टेस्ट मैच आते-आते तो हालात ऐसे बने कि कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा को ही खेलने वाले 11 खिलाड़ियों से बाहर करने का अभूतपूर्व फैसला ले लिया। इसके बावजूद सिडनी टेस्ट में भारत की बुरी हार हुई। उसके साथ ही टीम के टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की बची-खुची उम्मीदें भी धूल में मिल गईं। अब हाल यह है कि टीम में रोहित के साथ-साथ विराट कोहली का भविष्य भी अनिश्चित हो गया है। मुश्किल यह है कि टेस्ट क्रिकेट का धीरज रखने वाले खिलाड़ी सामने नहीं आ रहे हैं। जो आते हैं, वे टीम प्रबंधन की गलत नीतियों का शिकार हो जाते हैं। यशस्वी जायसवाल को छोड़ कर एक भी नया खिलाड़ी नहीं है, जिससे लंबे भविष्य की उम्मीद जोड़ी जा सके। सरफराज में संभावनाएं हैं, मगर उनको मौका नहीं दिया गया। तो पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता टीम की दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर यह श्रृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

## महिलाओं की सहभागिता और योगदान

**मो. नजीब अहसन**

21वीं सदी का यह दौर मानवता के इतिहास में एक ऐसा समय है, जब दुनिया भर में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन तेजी से हो रहे हैं। ऐसे में जब भी बात महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सशक्तिकरण की होती है, तो यह एक ऐसे संघर्ष की कहानी बयां करता है, जो सदियों से चली आ रही है। विश्व के कई देशों में आज भी महिलाएं समानता, स्वतंत्रता और अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। अलबत्ता इस वैश्विकी संघर्ष के बीच भारत ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई इबारतें लिखी हैं और अनोखी पहचान बनाई है। इस लिहाज से भारत की चर्चा का खास महत्त्व है। महिलाओं की सहभागिता और योगदान ने यहां के पारंपरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने को मजबूती दी है। मौजूदा संदर्भ में बात करें तो भारत का परिदृश्य बदल चुका है। यह बदलाव केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं, बल्कि समाज और देश की प्रगति के लिए एक नये युग की शुरु आत का संकेत है। भारत में महिला सशक्तिकरण की कहानी केवल संघर्ष और चुनौतियों तक सीमित नहीं है। यह वह समय है, जब भारतीय महिलाएं परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए अपनी पहचान को नये सिरे से गढ़ रही हैं। इस दौर में जब वैश्विकी मंच पर महिला सशक्तिकरण की बातें हो रही हैं, भारत ने न केवल अपनी महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है, बल्कि यह दिखाया है कि बदलाव संभव है।

एक ऐसा ही उदाहरण है, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान, जो एक प्रेरणादायक बदलाव का प्रतीक बनकर उभरा है। यह ऐतिहासिक पहल पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में महिलाओं की साहसिक दस्तक है, जो न केवल परंपराओं को चुनौती देती है, बल्कि नये आयाम भी गढ़ती है। उत्तराखंड के गंगोत्री से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक 2,500 किलोमीटर की यात्रा न केवल साहसिक है, बल्कि प्रेरणादायक भी। यह अभियान उन्हें साहस, सामूहिकता और नेतृत्व की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ  गंगा के प्रवाह को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में उसकी पवित्रता और महत्ता की लौ जलाना भी है। गंगा, जो भारतीय जनमानस के लिए मात्र एक जलधारा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का भी प्रतीक है। पर बीते दशकों में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण के कारण यह जीवनरेखा काफी चुनौतियों का सामना कर रही है। गंगा के किनारे रहने वाले हर नागरिक को यह समझने की आवश्यकता है कि उनकी छोटी-छोटी आदतें, जैसे प्लास्टिक का उपयोग बंद करना, गंगा के तटों की सफाई बनाए रखना और जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, गंगा के संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकती हैं। गंगा और उसकी सहायक नदियों के कायाकल्प के इस संकल्प में महिलाओं की भागीदारी समाज को यह संदेश देती है कि नदी संरक्षण सिर्फ  एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक पवित्र आंदोलन है। गंगा का संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों पर निर्भर नहीं हो सकता। यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें समाज के हर वर्ग को अपनी भूमिका निभानी होगी। इस अभियान के दौरान महिलाओं ने गंगा के किनारे बसे समुदायों के साथ बातचीत की और उन्हें जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। वेटलैंड्स का दौरा, घाटों पर संवाद, और जल संरक्षण पर आधारित क्विज़ जैसे कार्यक्रमों ने गंगा संरक्षण की दिशा में सामूहिक चेतना को बढ़ावा दिया। अभियान इस बात को भी रेखांकित करता है कि गंगा का संरक्षण केवल पर्यावरणीय सुधार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। जब हम गंगा को साफ रखने की बात करते हैं, तो इसका अर्थ केवल प्रदूषण को रोकना नहीं, बल्कि समग्र पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना भी है।

# पराक्रम के प्रेरणापुंज थे नेता जी

**डॉ शंकर सुवन सिंह -**

पराक्रम का शाब्दिक अर्थ है शौर्य या बल। पराक्रम (परा +क्रम) में परा उपसर्ग और क्रम मूल शब्द है। परा अर्थात नाश और क्रम अर्थात स्थिति या व्यवस्था। किसी स्थिति या व्यवस्था का नाश ही पराक्रम कहलाता है। यहां स्थिति या व्यवस्था का तात्पर्य गुलामी से है। पराक्रम, स्वतंत्रता को इंगित करता है। ऐसा बल जो आपको गुलाम परिस्थितियों से स्वतंत्र कर दे वो ही पराक्रम कहलाता है। भारत का गुलामी की जंजीरों से स्वतंत्र होना ही नेता जी के पराक्रम की निशानी थी। सुभाष चंद्र बोस पराक्रमी पुरुष थे। उन्होंने अपने पराक्रम से आज़ादी की जंग को नई ऊर्जा प्रदान की थी। भारत को वीर भूमि का देश कहा जाता है। वीर भूमि की वीरता को जब -जब आक्रांताओं ने चुनौती दी तब तब भारत की माता रूपी भूमि की कोख से वीर सपूतों ने जन्म लिया। इन वीर सपूतों में सुभाष चंद्र बोस भी थे। जय हिन्द का नारा देने वाले सुभाष चन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा प्रांत के कटक में हुआ था। उनके पिता जानकी दास बोस एक प्रसिद्ध वकील थे। प्रारम्भिक शिक्षा कटक में प्राप्त करने के बाद यह कलकता में उच्च शिक्षा के लिये गये। नेताजी सुभाष चंद्र बोस,स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान से बहुत ज्यादा प्रभावित थे। सुभाष चन्द्र बोस भारतीय इतिहास के ऐसे युग पुरुष हैं जिन्होंने आजादी की जंग को बल प्रदान किया था। भारत को आजाद कराने में  सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका थी। सुभाष चंद्र बोस भारतीय इतिहास का एक ऐसा चरित्र है जिसकी तुलना विश्व



में किसी से नहीं की जा सकती। सुभाष चंद्र बोस वर्ष 1920 में भारतीय सिविल सेवा (आई सी एस) परीक्षा में चौथा स्थान पाए थे। अंग्रेजी हुकूमत के समय आई सी एस परीक्षा पास करने वाले ये पहले भारतीय थे। सुभाष जी ने दुनिया के सबसे बड़े तानाशाह हिटलर से मुलाकात की थी। सुभाष जी की देशभक्ति देख कर हिटलर उनके बड़े प्रशंसक बन गए थे। जर्मनी के तानाशाह अडोल्फ हिटलर ने ही सुभाष चंद्र बोस को पहली बार 'नेता जी' कहकर बुलाया था। तभी से सुभाष चंद्र बोस को 卐नेता जी卐 कहा जाता है। नेता का शाब्दिक अर्थ होता है नेतृत्व करने वाला अर्थात अगुआ या अगुआई करने वाला। यह उपाधि,भारत में सिर्फसुभाष चंद्र बोस को ही मिली है। नेता जी ने कहा भी था संघर्ष ने मुझे मनुष्य बनाया, मुझमे आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ,जो पहले नहीं था। गीता में भी कहा गया है नायं आत्मा बलहीनेन लभ्य: अर्थात यह आत्मा बलहीनो को नहीं प्राप्त होती है। इससे प्रमाणित होता है की सुभाष चंद्र बोस का अध्यात्म में भी रुझान था। हिन्दुओं की पवित्र धर्मक पुस्तक गीता से नेता जी प्रेरणा लेकर पराक्रमी पुरुष बने। राष्ट्र प्रेम में मृत्यु ,अमरत्व की ओर ले जाती है। अतएव राष्ट्र भक्ति से बढ़कर कोई भक्ति नहीं होती है। राष्ट्र भक्ति में जान भी गवानी पड़े तो वह मृत्यु नहीं अपितु अमरत्व कहलाती है। वर्ष 2023 में भारतीय स्वतंत्रता के प्रमुख सेनानी नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की 127 वीं जयंती है। वर्ष 2021 में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नेताजी के जन्मदिन (23 जनवरी) को 'पराक्रम दिवस' के तौर पर मनाने का फैसला किया था। अतएव वर्ष 2021 में सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 23 जनवरी को पराक्रम दिवस की शुरुआत हुई। भारत सरकार ने इसके लिए एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया था। पराक्रम दिवस भारत के युवाओ में राष्ट्र के प्रति प्रेम, भक्ति और बलिदान की भावना को जाग्रत करेगा। प्रथम पराक्रम दिवस वर्ष 2021 में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक लेटर्स ऑफ़नेताजी (1926-1938)卐 का विमोचन किया गया। यह पुस्तक नेता जी के पत्रों का संकलन है। नेता जी ने राष्ट्र भक्ति के जज्बे को कभी मरने नहीं दिया। नेता जी ने भारतवासियों के दिल में राष्ट्र भक्ति के जज्बे को अमर कर दिया भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस अग्रणी नेता थे। सुभाष चंद्र बोस अच्छे नेता होने के साथ-साथ बेहतरीन लेखक भी थें। उन्होंने पुस्तक 'द इंडियन स्ट्रगल 1920-1934' लिखा जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास पर आधारित है। नेता जी ने वर्ष 1937 में अपने यूरोप दौरे के समय एन इंडियन पिलिग्रिम' नामक पुस्तक लिखी थी। नेताजी दृढ़ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति थे। उनके राष्ट्रवादी दृष्टिकोण ने उन्हें भारत का नायक बना दिया। अतएव हम कह सकते हैं कि नेता जी पराक्रम के पुरोधा और प्रेरणापुंज थे। गुलामी की दीवार को गिराने वाला नायक नेता जी ही थे। अतएव हम कह सकते हैं कि नेता जी आज़ादी की जंग को बल प्रदान करने वाले एकमात्र महानयक थे।

# जारवा लोगों को मत का अधिकार मिला

**प्रमोद भार्गव**

आदिम जनजाति जारवा अंडमान-द्वीप समूह की एक प्रमुख जनजाति है। ये आज भी अर्ध-खानाबदोश आदिम जीवन-शैली जी रहे हैं। प्राकृतिक रूप में उपलब्ध वन-संसाधन ही इनके आजीविका के प्रमुख साधन हैं। स्थानीय प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े रहकर ये अपनी जीवन-शैली में मस्त हैं।

जारवा लोग बाहरी संपर्क से अलग-थलग हैं। इसी कारण उनकी अनूठी सांस्कृतिक परंपरा और भाशा-बोली संरक्षित हैं। वे दक्षिणी और मध्य अंडमान द्वीप समूह के पश्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। स्थानीय प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद अब इस जनजाति समूह को संवैधानिक लोकतांत्रिक धारा से जोड़े जाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।

इस समुदाय के 19 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करके, उन्हें मतदाता पहचान-पत्र दिए गए हैं। अंडमान द्वीप समूह के मुख्य सचिव चंद्रभूषण कुमार ने दक्षिण अंडमान जिले के जिरकाटांग स्थित बस्ती में पहुंचकर पहली बार मतदाता बने लोगों को पहचान-पत्र सौंपे। जारवा समुदाय की इन पहचान-पत्रों से भारतीय होने की नागरिकता सुनिश्चित हुई है। साथ ही यह उनकी निजता की रक्षा के लिए एक व्यापक उपाय भी है। इस कार्यवाही से उम्मीद जगी है कि भविष्य में इस द्वीप समूह के सभी लोग भारतीय नागरिक के रूप में मतदाता बना दिए जाएंगे। वरना एक समय इस द्वीप समूह में प्रवेश पाना मौत को आमंतण्रदेना था।

इस कार्यवाही को पूरी करने में अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिसने सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सम्मानजनक तरीके से उनकी भाषा में चुनावी प्रक्रिया के बारे में जारवा समुदाय से संवाद करके उनके बीच जागरूकता पैदा करके इस प्रक्रिया को सुगम बनाया। जारवा समुदाय अंडमान द्वीप समूह के दक्षिण और मध्य तथा पष्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। इसे ही इस समुदाय ने अपने पारंपरिक जीवनशैली के अनुरूप ढाल लिया है। जारवा समुदाय के साथ पहला उल्लेखनीय दोस्ताना संबंध अप्रैल 1996 में हुआ था, जो बाहरी दुनिया के साथ उनके संपर्क में एक अहम मोड़ साबित हुआ।

इस संबंध के लिए शायद प्रकृति ने ही घटनाक्रम रचा था। दरअसल, जारवा जनजाति के 21 वर्षीय एनमेई को अपने बाएं टखने में गहरी चोट आई थी। प्रशासन ने करु णा का परिचय देते हुए एनमेई का उदारतापूर्वक उपचार कराया और ठीक होने के बाद उन्हें सुरक्षित बस्ती में वापस भेज दिया। यहां से प्रशासन और समुदाय के बीच विश्वास का जो संवाद बना, उसने आज इस समुदाय के लोगों के भारतीय नागरिक होने के पहचान के रूप में मतदाता पहचान-पत्र सौंपने का मार्ग प्रशस्त किया। अन्यथा जारवा समूह से जो भी कोई संपर्क करने की सोचता था, उसे हिंसक टकराव का सामना करना पड़ता रहा है। दरअसल, जो लोग स्वयं को सभ्य और आधुनिक समाज का हिस्सा मानते रहे हैं, वही लोग प्राकृतिक अवस्था में रह इन लोगों को इंसान मानने की बजाय लगभग जंगली जानवर ही मानते रहे हैं। आधुनिक कहे जाने वाले समाज की यह एक ऐसी विडंबना है, जो सभ्यता के दायरे में कतई नहीं आती।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में रह रहे लुप्तप्राय जारवा प्रजाति की महिलाओं को स्वादिष्ट भोजन का लालच देकर सैलानियों के सामने नचाने के कुछ साल पहले वीडियो-दृश्य ब्रिटिश अखबारों में सिलसिलेवार छपे थे। इन्हें शासन-प्रशासन के स्तर पर झुठलाने कवायद की गई थी, परंतु यह ठोस हकीकत थी। अभयारण्य में दुर्लभ वन्य जीवों को देखने की मंशा की तरह, दुर्लभ मानव प्रजातियों को भी देखने की इच्छा नव-धनाढ्यों और रसूखदारों में पनप रही है, और जिस सरकारी तंत्र को आदिवासियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, वही इन्हें लालच देकर नचवाने का काम कर रहा था। इसी कुत्सित मानसिकता के चलते कुछ लोग जारवाओं को इंसानों की बजाए, मनोरंजक खिलौने भी मानते रहे हैं।

आधुनिक विकास और बहुराष्टीय कंपनियों के लिए वन कानून में लगातार हो रहे बदलावों के चलते अंडमान में ही नहीं देश भर की जनजातियों की संख्या लगातार घट रही हैं। आहार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों की कमी होती जा रही है। इन्हीं वजहों के चलते अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग दुर्गम टापुओं पर जंगलों में समूह बनाकर रहने वाली जनजातियों का अन्य समुदायों और प्रशासन से बहुत सीमित संपर्क है। यही वजह है कि इनकी संख्या घटकर महज 381 रह गई है।

एक अन्य टापू पर रहने वाले ग्रेट अंडमानी जनजाति के लोगों की आबादी केवल 97 के करीब है। इन लोगों में प्रतिरोधात्मक क्षमता इतनी कम होती है कि ये एक बार बीमार हुए तो इनका बचना नामुमकिन हो जाता है। हालांकि अब इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए टीकाकरण करने और पौष्टिक खुराक देने के उपाय निरंतर किए जा रहे हैं। मतदान का अधिकार मिल जाने से तय है, यहां लोकतांत्रिक गतिविधियां भी कालांतर में बढ़ेंगी। करीब दो दशक पहले तक ये लोग पूरी तरह निर्वस्त्र रहते थे, लेकिन सरकारी कोशिशों और इनकी बोली के जानकार दुभाषियों के माध्यम से समझाइश देने पर इन्होंने थोड़े-बहुत कपड़े पहनने अथवा पत्ते लपेटने शुरू कर दिए हैं।

भारत की सांस्कृतिक विविधता अनूठी खूबसूरती है। यहां विभिन्न आदिवासी समुदायों को अपने पुरातन व सनातन परिवेश में रहने की स्वतंत्रता हासिल है। हमारे देश के सांस्कृतिक परिवेश में नग्नता कभी फूहड़ अश्लीलता का पर्याय नहीं रही। पाश्चात्य मूल्यों और भौतिकवादी आधुनिकता ने ही प्राकृतिक व स्वाभाविक नग्नता को दमित काम-वासना की पृष्ठभूमि में रेखांकित किया है। वरना हमारे यहां तो खजुराहो, कोणार्क और कामसूत्र जैसे नितांत व मौलिक रचनाधर्मिता से स्पष्ट होता है कि एक राष्ट के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में हम कितनी व्यापक मानसिक दृष्टि से परिपक्व लोग थे। अब लोगों को जो मत का अधिकार मिला है, उसके तहत ये अन्य समुदायों में विलय होंगे और इनका आवागमन भी बढ़ेगा। इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ेगी।

# रेबड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली विधानसभा चुनाव

**सुरेश हिंदुस्तानी**

देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेबड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा सी चलती दिखाई दे रही है। इससे ऐसा लगता है कि अब दिल्ली राज्य की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल रेबड़ी ही है। दिल्ली राज्य के लिए होने वाले चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए लोक लुभावन तरीके से अपने पिटारे से रेबड़ी बांटने की योजना जनता के बीच बता रहे हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी तो पहले से ही अपने पिटारे को खोलकर बैठी है। अब इसमें कांग्रेस और भाजपा भी अपने कदमों को उसी ओर बढ़ाने की ओर प्रवृत हुई है, जिस ओर आदमी पार्टी जाती रही है। लेकिन एक तथ्य ध्यान देने योग्य माना जा सकता है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनावों से इस राह पर चल रही है। मुफ्त में देने के वादे करना एक प्रकार से आम आदमी पार्टी की फितरत ही बन गई है। इससे अलग अपेक्षा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस बार यह पूरा विश्वास है कि इस बार भी बाजी उन्हीं के हाथ लगेगी।

वर्तमान में दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेबड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेबड़ी लूटने की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेबड़ी स्वार्थ की पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का एक माध्यम भी माना जा सकता है, क्योंकि जनता को मुफ्त में खजाना लुटाना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि




सरकार द्वारा आम जनता का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना के अलावा अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि यही योजनाएं विकास की योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं। दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी ने गठबंधन को धता बताकर अपने आपको फिर से मैदान में उतारा है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। साथ ही ऐसा कहना भी समुचित ही होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में ज़मीन आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवनशैली सुविधामय होती दिखाई दे रही है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित किए गए उनके आवास में लकजरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई सरोकार नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं कही जा सकती, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनका मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया है, ज़ब वे मुख्यमंत्री थे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइस भी नहीं है।

आम आदमी पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह भी है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आप आदमी पार्टी को ही होगा। एक गणित यह भी है कि पिछले चुनाव में अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिला था, लेकिन इस बार पूरी गंभीरता के साथ कांग्रेस चुनावी मैदान में है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केजरीवाल के समक्ष वजनदार प्रत्याशी उतार कर यह संदेश तो दिया ही है कि इस बार केजरीवाल की पार्टी आसानी से विजय प्राप्त नहीं करेगी। क्योंकि बसपा और औवेसी के आने से केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम और दलित मतों की प्राप्ति में कमी हो सकती है और कांग्रेस का मूल वोटर इस बार कांग्रेस को ही वोट देगा।

आम आदमी पार्टी के साथ यह विसंगति जुड़ती जा रही है कि वह गठबंधन का हिस्सा केवल उन राज्यों में है, जहाँ आम आदमी पार्टी का अस्तित्व नहीं है। जहाँ केजरीवाल की पार्टी का अस्तित्व है, वहां गठबंधन के मायने बदल जाते हैं। इसका तात्पर्य यही है कि केजरीवाल स्वार्थ सिद्धि के लिए ही गठबंधन करते हैं। यह बात सही है कि केजरीवाल को अब राजनीति की समझ आ गई है। वे एक चतुर राजनीतिक नेता की तरह चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन विपक्ष की एकता के सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक गठबंधन में दरार आने का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि गठबंधन अब बिखरने की ओर है। खैरज् मूल विषय रेबड़ी का है। मुफ्त की रेबड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है, इसीलिए चुनाव जीतने के जनता को प्रलोभन देकर वोट कबाड़ने की राजनीति की जा रही है। अब देखना यह है दिल्ली का सिंहासन किसका इंतजार कर रहा है। फ्लिहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फ़ौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल ही हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी और इसका प्रभाव भी हो सकता है। लेकिन फिर वही बातज् क्या रेबड़ी के सहारे ही इस बार भी दिल्ली की सरकार बनेगी।

# षटतिला एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा



माघ का महीना चल रहा है। इस माह में आने वाली कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को षटतिला एकादशी व्रत रखा जाता है। षटतिला एकादशी के दिन व्रत और पूजन से श्रीहरि विष्णु और मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और साधक को धन, सुख-समृद्धि का वरदान देती हैं। षटतिला एकादशी व्रत को पापों से मुक्ति और आरोग्यता प्रदान करने वाला व्रत माना गया है। द्रिक पंचांग के अनुसार, इस साल 25 जनवरी 2025 को षटतिला एकादशी व्रत रखा जाएगा। इस दिन तिल का 6 प्रकार से इस्तेमाल करना पुण्यफलदायी माना जाता है। षटतिला एकादशी के दिन तिल के दान का भी विशेष महत्व है। द्रिक पंचांग के अनुसार, माघ महीने कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 24 जनवरी 2025 को रात 07: 25 बजे होगी और अगले दिन 25 जनवरी 2025 को रात 08: 31 बजे पर समाप्त होगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, 25 जनवरी 2025 को षटतिला एकादशी मनाया जाएगा।

### षटतिला एकादशी पर दान सामग्री

षटतिला एकादशी के दिन तिल, अनाज, गर्म कपड़े और अपने क्षमतानुसार धन का दान करना पुण्य फलदायी माना गया है।

### षटतिला एकादशी पूजा-सामग्री

षटतिला एकादशी के दिन पूजा के लिए काले तिल, तुलसी का पत्ता, पंचामृत, पान का पत्ता, सुपारी, तिल के लड्डू, केला, पीला फूल, पीले कपड़े, धूप-दीप,गाय का घी, कपूर अक्षत, रोली, चंदन, षटतिला एकादशी व्रत कथा की पुस्तक, लक्ष्मी-नारायण की प्रतिमा समेत सभी पूजा सामग्री एकत्रित कर लें।

### षटतिला एकादशी पूजा विधि



षटतिला एकादशी के दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान करें। स्नानादि के बाद स्वच्छ कपड़े पहनें और विष्णुजी का ध्यान करें। अब सच्चे मन से व्रत का संकल्प लें और लक्ष्मी-नारायण की पूजा आरंभ करें। विष्णुजी को स्नान कराएं और उन्हें नए वस्त्र, फल, फूल, पीला चंदन, अक्षत समेत सभी पूजा-सामग्री अर्पित करें। अब विष्णुजी और मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा करें। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें और मंत्रों का जाप करें। इसके बाद विष्णु चालीसा का पाठ करें। गाय के घी का दीपक जलाएं और विष्णुजी और मां लक्ष्मी की आरती उतारें। अंत में पूजा में हुई गलती के लिए क्षमा-प्रार्थना मांगे। परिवार के सदस्यों में प्रसाद वितरित करें और स्वंय भी खाएं।

# चेहरे पर ग्लो पाने के लिए अपनाएं ये उबटन...

चेहरे पर इंस्टेंट ग्लो हर किसी को चाहिए होता है। इसी वजह से हम अक्सर बाजार में मिलने वाली चीजों का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, कई बार हम पार्लर जाकर ट्रीटमेंट लेते हैं, लेकिन इसकी वजह से भी ग्लो नहीं आता है। ऐसे में आप चाहें तो घर पर रखी चीजों से उबटन बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह के उबटन से आपका चेहरा ग्लो कर सकता है। साथ ही, आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चलिए आफको भी बताते हैं किस तरह के उबटन को आप लगा सकती हैं।





### बेसन और गुलाब जल उबटन

आप अपने चेहरे पर बेसन और गुलाब जल के उबटन का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह के उबटन को बनाना भी आसान है। साथ ही, इससे चेहरा को साफ सुथरा रखने में मदद करेगा। अक्सर घर में हम भी इसी उबटन का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, शादी में दुल्हन के चेहरे पर भी हल्दी की जगह उबटन लगाया जाता है।

### इस तरह बनाएं उबटन

इसके लिए आपको एक कटोरी में 1 चम्मच बेसन लेना है। इसमें थोड़ा सा गुलाब जल को मिक्स करें। थोड़ा सा इसमें एलोवेरा जेल को मिक्स करें। इसके बाद इस उबटन को चेहरे पर अप्लाई करें। फिर 15 मिनट बाद पानी से चेहरे को साफ कर लें। इससे आपका चेहरा साफ लगेगा। साथ ही, चेहरे का रंग भी साफ हो जाएगा।





### पपीता और दूध उबटन

चेहरे पर कई सारे लोग फ्रूट फेशियल या पैक लगाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें किसी तरह का कोई केमिकल मिक्स नहीं होता है। आप चाहें तो इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपका चेहरा साफ सुथरा लगेगा।

### इस तरह करें इस्तेमाल

इसके लिए आधा पका हुआ पतीता लेना है। अब इसे कटोरी में अच्छे से मैश करना है। फिर इसमें 1 चम्मच दूध और शहद को डालना है। फिर इसे अपने चेहरे पर 10 से 15 मिनट के लिए लगाकर रखना है। इसके बाद चेहरे को पानी से साफ कर लेना है। इसे लगाने से आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी। साथ ही, चेहरे पर चमक भी बनी रहेगी।

# कलर साड़ी के साथ चुनें ये ज्वेलरी कलर.....



साड़ी स्टाइल करना तो हम सभी को पसंद होता है। लेकिन साड़ी में लुक तभी अच्छा लगता है, जब हम इसके साथ अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी को वियर करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे वियर करने के बाद आप अच्छी नजर आती है। ऑफ व्हाइट साड़ी के साथ हर रंग की ज्वेलरी अच्छी नजर लगती है। ऐसे में आप कुछ ऐसे कलर को चूज कर सकती हैं, जिसे वियर करके आप अच्छी नजर आएंगी।

### व्हाइट पर्ल डिजाइन वाली ज्वेलरी

आप अपनी साड़ी के साथ व्हाइट पर्ल वाली ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इसे साड़ी के साथ पहनने के बाद रॉयल लुक क्रिएट होगा। इस तरह की ज्वेलरी में आपको हैवी से लेकर सिंपल डिजाइन वाली ज्वेलरी मिल जाएगी। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आपकी कलेक्शन में कुछ नया ऐड हो जाएगा।

### मल्टी कलर स्टोन ज्वेलरी

आप साड़ी के साथ मल्टी कलर स्टोन ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद सबसे अलग और सुंदर नजर आती है। साथ ही, ऑफ व्हाइट कलर के साथ सबसे अलग लगती हैं। इसमें आपको लेयर से लेकर चोकर सेट के काफी अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आप अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसे आप किसी और आउटफिट के साथ वियर कर पाएंगी।

### स्टोन वर्क वाला नेकलेस सेट

सुंदर नजर आने के लिए आप स्टोन वर्क वाले नेकलेस सेट को भी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट भी साड़ी के साथ काफी अच्छे लगेंगे। साथ ही, इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसके साथ ही, आपको लॉन्ग और शॉर्ट दोनों तरह के ऑप्शन आपको इस तरह के सेट में मिल जाएंगे। इससे आपका लुक ही अच्छा लगेगा। इस बार स्टाइल करें ये नेकलेस सेट। इसे वियर करके आप सुंदर नजर आएंगी। साथ ही, आपको कुछ अलग डिजाइन और ऑप्शन मिल जाएंगे। इससे आपका लुक अच्छा नजर आएगा। मार्केट से जाकर आप इन सभी ज्वेलरी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इससे ये आपको सस्ते और अच्छे दाम में मिल जाएंगे। जिसे आप साड़ी के अलावा और भी आउटफिट के साथ वियर कर पाएंगी।

# सूप को क्रीमी और स्वादिष्ट बनाने के टिप्स







सर्दियों की ठंडी शामें गर्मागर्म सूप के बिना अधूरी लगती हैं। सूप का हर चम्मच न केवल स्वाद में भरपूर होता है, बल्कि शरीर को अंदर से गर्माहट भी देता है। खासतौर पर जब सूप क्रीमी हो, तो उसका आनंद और भी बढ़ जाता है, लेकिन हर बार क्रीम डालकर सूप को गाढ़ा और स्वादिष्ट बनाना सेहत के लिए सही विकल्प नहीं है। क्रीम में फैट और कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, जो हेल्थ कॉन्शियस लोगों के लिए चिंता का कारण बन सकती है। साथ ही, लैक्टोज इनटॉलरेंस वाले लोगों के लिए यह एक समस्या हो सकती है। क्या आपको पता है कि बिना क्रीम का उपयोग किए भी सूप को क्रीमी और लजीज बनाया जा सकता है? जी हां, कुछ आसान और यूनिक ट्रिक्स अपनाकर आप अपने सूप को क्रीमी टेक्सचर दे सकते हैं। ये न केवल हेल्दी हैं, बल्कि बेहद सरल और कारगर भी हैं। इन ट्रिक्स का फायदा यह है कि आप अपने सूप को पोषण से भरपूर बनाएंगे, साथ ही उसके नेचुरल स्वाद को भी बनाए रखेंगे। आइए जानते हैं, ऐसी 5 बेहतरीन और अनोखे ट्रिक्स, जो आपके सूप को क्रीमी और परफेक्ट बना देंगी।

### उबली हुई सब्जियों का इस्तेमाल करें

अगर आप सूप को गाढ़ा और क्रीमी बनाना चाहते हैं, तो उबली हुई सब्जियों का उपयोग करें। खासतौर पर आलू, गाजर, कद्दू, या फूलगोभी जैसी सब्जियां सूप की कंसिस्टेंसी को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल?

सब्जियों को उबालकर मिक्सर में पीस लें और इसे सूप में मिला दें। इससे सूप का स्वाद तो बढ़ेगा ही, साथ ही यह क्रीमी और गाढ़ा भी लगेगा। खास बात यह है कि यह तरीका पूरी तरह से प्राकृतिक है और सूप में पोषण भी जोड़ता है।

### नट्स और सीड्स का पेस्ट बनाएं

बादाम, काजू, या सूरजमुखी के बीज का पेस्ट सूप को क्रीमी बनाने का बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल सूप को गाढ़ा करता है, बल्कि इसमें एक नट्स की रिचनेस भी जोड़ता है।

### इस तरह करें इस्तेमाल?

कुछ नट्स को पानी में भिगोकर पीस लें और इसे सूप में डालकर अच्छे से मिक्स करें। आप चाहें तो काजू की जगह तिल या सूरजमुखी के बीज का पेस्ट भी आज़मा सकते हैं। यह तरीका डेयरी फ्री है और उन लोगों के लिए परफेक्ट है, जो लैक्टोज से एलर्जिक हैं।

# गलत तरीके से सांस लेना आपको पड़ सकता है भारी



जिंदा रहने के लिए सांस सबसे ज्यादा जरूरी है। क्योंकि शरीर का हर अंग ऑक्सीजन पर निर्भर करता है। सांस लेने में ऑक्सीजन को अंदर लेना और फेफड़ों से कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालने की एक लयबद्ध प्रक्रिया है। ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड के इस आदान-प्रदान को श्वसन कहा जाता है। बेशक सांस लेना एक नेचुरल एक्शन है,लेकिन फिर भी बहुत से लोग गलत तरीके से सांस लेते हैं। ऐसे में यहां हम बता रहे हैं ऐसी बुरी सांस लेने की आदतें जिनसे सभी को बचना चाहिए।

### मुंह से सांस लेना

मुंह से सांस लेने से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। रिपोर्ट्सी के अनुसार रात में मुंह से सांस लेने से मुंह सूखना, गले में खराश, सांसों से दुर्गंध और संक्रमण की संभावना बढ़ सकती है। ऐसे में मुंह से सांस लेने से दांतों की समस्याएं, नींद की समस्याएं और यहां तक कि चेहरे की बनावट में भी बदलाव हो सकता हैं। इस आदत को बदलना ही बेहतर है। धीरे-धीरे कोशिश करने से इस आदत को बदला जा सकता है।

### ओवर ब्रीदिंग यानी हाइपरवेंटिलेशन

हाइपरवेंटिलेशन या बहुत तेजी से और गहरी सांस लेना, ब्लड में ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड के संतुलन को रोक सकता है। इस असंतुलन से चक्कर आना, हाथ-पांव में झुनझुनी और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण हो सकते हैं।

### सांस रोकना

जानबूझकर या अनजाने में अपनी सांस रोकना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। सांस रोकने से खून में कार्बन डाइऑक्साइड का लेवल बढ़ सकता है। अगर आप सांस बहुत लंबे समय तक रोकते हैं, तो इससे आपका दिल अनियमित रूप से धड़कना शुरू कर सकता है और आपके किडनी और लिवल में समस्याएं हो सकती हैं।

### कैसे लें सांस

सांस लेने के दो तरीके हैं, एक में अपने मुंह से और दूसरा अपनी नाक से। जब आप नाक से सांस लेते हैं तो नाक के छिद्र हवा को फिल्टर करते हैं जो मुंह नहीं कर सकता। कभी-कभी कुछ समस्याएं होने पर मुंह से सांस लेना जरूरी होता है, लेकिन आपकी नाक से सांस लेने से कई दिक्कतों से निपट सकते हैं।

# सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए करें ये योगासन



सर्दियों के मौसम में हमारा शरीर ठंडा पड़ने लगता है। इसके कारण हर वक्त ऊर्जा की कमी और सुस्ती छाई रहती है। ठंड की वजह से कामकाज भी प्रभावित होता है। ऐसे में कुछ विशेष योगासन शरीर में गर्मी पैदा करने में मदद कर सकते हैं। ये योगासन न सिर्फ शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। आइए जानते हैं इस बारे में योगा एक्सपर्ट से

### हस्त उत्तानासन कैसे करें?

प्रणामासन की स्थिति में खड़े हो जाएं। शरीर को रिलैक्स करें। धीरे-धीरे अपने हाथों को ऊपर की ओर बढ़ाते हुए सिर के ऊपर जोड़कर रखें। अपने सिर,गर्दन और पीठ को पीछे की तरफ कर्व बनाएं। हाथों को ऊपर की ओर उठाते हुए ऊपरी शरीर को पीछे की मोड़ें। इससे शरीर में खिंचाव महसूस होगा। अपनी आंखों को आसमान की तरफ फोकस रखें। इस मुद्रा में 20 सेकंड तक रहें फिर वापस आ जाएं। ऐसा कम से कम 8 बार दोहराएं।

### फायदे

इस आसन को करने से शरीर को गर्म रखने में मदद मिलती है, दरअसल जब आप इस आसन को करते हैं तो इससे रक्त संचार बढ़ता है, ऊर्जा का संचार बढ़ता है ,इससे शरीर में गर्मी बढ़ती है। इसके अलावा इससे शरीर में लचीलापन आता है और मानसिक शांति भी मिलती है।

### कोबरा पोज करने का तरीका क्या है?



कोबरा पोज के लिए आप रिलैक्स होकर फर्श पर पेट के बल लेट जाएं। दोनों पैर सीधे रखें और पैरों के बीच चौड़ी दूर रखें। हथेलियों को सिर के पास टिका लें। हाथों को कंधे के बराबर लेकर आएं। शरीर का सारा वजन अपनी हथेलियों पर डालें। अब सांस अंदर लें और शरीर को अपने सिर से उठाकर पीछे की ओर खीचें। आपकी आंखें ऊपर आसमान की तरफ होगी। अपनी क्षमता के अनुसार इस पोजिशन में बने रहें। फिर सामान्य स्थिति में आ जाएं। ऐसा कम से कम 5 से 6 बार दोहराएं।

## संक्षिप्त समाचार

### चिखली वार्ड क्रमांक 5 से मजबूत दावेदार के रूप में सरोज यादव का नाम सामने आया



**राजनांदगांव।** शहर के चिखली वार्ड क्रमांक 5 से कांग्रेस संगठन से पार्षद प्रत्याशी हेतु सरोज यादव का नाम इन दिनों तेजी से उछलकर सामने आ रहा है। बता दें कि, सरोज यादव स्वभाव से बहुत मिलनसार और मृदुभाषी हैं, उनकी मिलन सरिता की वजह से ही चिखली और चिखली के आसपास के क्षेत्रों में उनकी अच्छी खासी लोकप्रियता है। एक घरेलू महिला होने के बावजूद भी वह सामाजिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय बनी रही और अपनी महिला साथियों के साथ ही मिलकर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाती रही है। अपने नेतृत्व में और अपने समिति के माध्यम से इन्होंने कई धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया, जिसकी अनवरत परंपरा आज भी जारी है, यही नहीं सामाजिक सरोकार की गतिविधियों में भी इनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही है, उनकी इसी पृष्ठभूमि के कारण इन्हें एक मजबूत दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। वार्डवासियों का यह भी मानना है कि, यदि कांग्रेस पार्टी इन्हें वार्ड क्रमांक 5 चिखली से टिकट देती है तो कांग्रेस पार्टी के खाते में विजेता प्रत्याशी के रूप में एक और नाम के शुमार होने की प्रबल संभावना मानी जा रही है। सरोज यादव ने कांग्रेस पार्टी को विश्वास दिलाया है कि, यदि कांग्रेस पार्टी उन पर भरोसा कर के उन्हें टिकट देती है तो वह जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन और रात एक कर अपनी पूरी ताकत झोंक देंगी। साथ ही वार्डवासियों के समस्याओं को दूर करने और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने में सदैव तत्पर रहेंगी।

### दो पक्षों के साथ मारपीट एक की मौत, एक घायल

**रायगढ़:** खरसिया में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट का मामला सामने आया है. घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. मामला खरसिया के मोहापाली का है. पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है. जानकारी के मुताबिक, गर्ग परिवार और अनु बुटीक परिवार वालों के बीच मामूली बात पर विवाद हुआ था. इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई.घटना में घायल अन्नू अग्रवाल की अस्पताल में मौत हो गई. वहीं घटना के बाद एक आरोपी चीनू अग्रवाल ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया. इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस पर राजनीति दबाव का आरोप लगाया है. मृतक अन्नू अग्रवाल का शव को लेकर परिजन न्याय पाने के लिए विरोध किया।

### गुम नाबालिक बालिका को पुलिस ने किया बरामद

**राजनांदगांव।** जिले की डोंगरगांव पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत थाना डोंगरगांव क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। बता दें कि थाना डोंगरगांव में एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर धारा-363 भा.द.वी. के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस की टीम द्वारा लगातार लापता बालिका की तलाश की जा रही थी। इस दौरान बालिका के गुण्डरदेही में होने की जानकारी मिलने पर दिनांक 21.01.2025 को नाबालिक बालिका को गुण्डरदेही से बरामद किया गया है।

# नगरीय निकायों में विकास का नया अध्याय लिखेगी भाजपा, मूलभूत सुविधाओं के शहरों को चमकाएंगे: ललित चंद्राकर

### नगरीय निकायों में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से जनता हलाकान ,भाजपा के आने से जनता का पैसा जनता तक पहुंचेगाः गजेंद्र यादव



**दुर्ग (समय दर्शन)।** प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तिथियों का ऐलान होने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरु हो गई है। इस बीच दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया से रुबरु होकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां और कांग्रेस की नाकामी गिनवाई। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ करवाकर राज्य सरकार ने एक राष्ट्र-एक चुनाव के पीएम नरेंद्र मोदी की मंशा को पूरा करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है। इससे समय व अर्थ की बचत होगी। कांग्रेस पराजय के डर से पूर्व में महापौर पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से करवाती थी। लेकिन राज्य की भाजपा सरकार ने इसमें संशोधन कर महापौर पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करवा रही है। जिससे निर्वाचित महापौर मजबूत और निर्णय लेने में सक्षम होगा। भ्रष्टाचार पर भी विराम लगेगा। विधायक द्वय ने कहा है कि नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भाजपा पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी के राज्य में पूरे हुए गारंटी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन जीत का आधार बनेगी। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने राज्य सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा सर्वहारा वर्ग के लिए ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए हैं। जिसका किसान, मजदूर, महिला, युवा व आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग को लाभ मिल रहा है। महिलाएं महतारी वंदन योजना से आर्थिक रुप से सक्षम व मजबूत हुई है। किसान खुशहाल हुआ है। गरीब व मजदूर वर्ग का पीएम आवास योजना अंतर्गत अपने आवास का सपना साकार हुआ है। राज्य सरकार के ऐसे कई जनहितैषी योजना है। जिसका प्रदेशवासियों को लाभ मिल रहा है। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में दुर्ग शहर में विकास कार्यों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल व मुलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में नए आयाम लिखे गए हैं। जिसमें जर्जर पं. रविशंकर स्टेडियम के कायाकल्प के लिए बीसीसीआई को सौंपने पर सहमति, दुर्ग यूनिवर्सिटी के पीछे एक्सोटर्फ का निर्माण, बेडमिंटन कोर्ट, उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नालंदा विद्यालय के स्थापना की स्वीकृति, जिला अस्पताल में ओटी मशीन, 22 रुम वाले पेइंग वार्ड के निर्माण की स्वीकृति, चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज में 14 नए डाक्टरों की नियुक्ति, अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, विधायक निधि की राशि से ट्रांसफार्मर समेत 540 विद्युत पोल की स्वीकृति, मानस भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 13 करोड़ की स्वीकृति, शिक्षक नगर में नए पानी टंकी निर्माण के लिए 1 करोड़ 83 लाख की स्वीकृति, समृद्धि बाजार सब्जी मार्केट में 19 नए दुकानों के निर्माण, की स्वीकृति, सिविल लाइन में नए रजिस्ट्री कार्यालय का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ करवाना राज्य सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है। इस चुनाव में भाजपा अपना परचम लहराएगी। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में जो कहा था, उसे राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में पूर्ण किया है। किसानों को उपज का पूरा मूल्य मिल रहा है। महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई है। पीएम आवास से लोगों को अपना घर मिला है। भूमिहीन कृषकों को 10 हजार की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। आयुष्मान कार्ड का लोगों को लाभ मिल रहा है। बुजुर्गों का अब पांच लाख तक की राशि का इलाज मुफ्त में होगा। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना से प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है। मीडिया से चर्चा के दौरान भाजपा नेता राजेंद्र पाध्ये व जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया भी मौजूद रहे।

#### सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के आधार पर की गई है आरक्षणः गजेंद्र

दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं रह गया है। इसलिए कांग्रेस बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने की चेष्टा कर रही है। श्री यादव ने कहा कि नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के आधार पर की गई है। जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के आरक्षण में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। इसका आरक्षण जनसंख्या के आधार पर किया गया है,लेकिन किसी भी जिले में जिला पंचायत का अध्यक्ष पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित नहीं हो पाया है। इसे लेकर कांग्रेस राजनीति कर रही है। जो गलत है।

## कमला महाविद्यालय में कानूनी अधिकार जागरूकता पर संवेदीकरण कार्यक्रम विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत कानूनी अधिकार जागरूकता पर संवेदीकरण कार्यक्रम विषय पर महिला प्रकोष्ठ एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रारंभ दिनांक 7 जनवरी 2025 को डॉ. राजेश पाण्डेय, अतिरिक्त संचालक, दुर्ग संभाग एवं प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया।

दिनांक 7 जनवरी 2025 को सुश्री प्रिया कंकरिया, अधिवक्ता राजनांदगांव द्वारा महिला एवं भारतीय संविधान विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने भारतीय संविधान में महिलाओं के अधिकार एवं प्रावधान पर प्रकाश डाला। दिनांक 8 जनवरी 2025 को श्राजेश सिंह चंदेल, अधिवक्ता राजनांदगांव द्वारा महिला एवं अपराध कानून विषय पर अपराधिक कानून के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। दिनांक 9 जनवरी 2025 को कमला कॉलेज की ही अतिथि व्याख्याता सुश्री खुशबू राजपूत अतिथि व्याख्याता अर्थशास्त्र के द्वारा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले भारतीय न्याय संहिता के 36 धाराओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

दिनांक 10 जनवरी 2025 को डॉ. सिद्धी सैनिक एमबीबीएस पं. जेएनएम कॉलेज, रायपुर के द्वारा महिला एवं पुन:त्पादन स्वास्थ्य अधिकार विषय पर प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से मातृ मृत्यु दर और रूग्णता कम करने की जानकारी दी गई। दिनांक 10 जनवरी को ही एक और मुख्य वक्ता विनय कुमार पम्मार, पुलिस निरीक्षक, साइबर सेल प्रभारी, राजनांदगांव ने भी प्रतिभागियों को महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध विषय पर साइबर स्टॉकिंग फेक प्रोफाइल के माध्यम से महिलाओं को प्रताड़ित करने, सेक्टार्शन एवं महिलाओं के सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप की जानकारी दी गई।

दिनांक 11 जनवरी 2025 को श्रीमती सुषमा सावन्त, जिला जज (न्यायाधीश) राजनांदगांव वक्ता के रूप में उपस्थित रही और उन्होनें यौन उत्पीड़न से संबंधित कानून विषय पर महिला यौन उत्पीड़न पॉस्को एक्ट, चाईल्ड मैजिर के बारे में जानकारी प्रदान की। अंत में कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव उनके साथ जिले के आईपीएस अधिकारी ईशु अग्रवाल का भी आगमन हुआ। समापन समारोह के संबोधन में मोहित गर्ग ने भी महिलाओं से जुड़े कानूनों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दिये, जिनमें उन्होंने साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट जैसे धोखाधड़ी से सतर्क रहने की बात कही। कानूनी अधिकार जागरूकता पर संवेदीकरण कार्यक्रम विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला की संयोजक सुश्री आबेदा बेगम, समन्वयक डॉ. दुर्गा शर्मा, सचिव सुश्री खुशबू राजपूत, सहसचिव कु. हर्षा कुशवाहा रही। इस कार्यक्रम में 100 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें पांचों दिवस 90 प्रतिशत की उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यशाला के अंतिम दिवस पर प्रतिभागी छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसके माध्यम से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागी छात्राओं के नाम का चयन कर उन्हे मोमेन्टो एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं कीट प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बसंत कुमार सोनबेर, सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान एवं आईक्यूएसी प्रभारी द्वारा मंचस्थ सभी सम्मानीय अतिथियों, समिति के सभी सदस्यों आलोक जोशी पीएम-उषा प्रभारी एवं सभी प्राध्यापकों तथा कार्यालयीन कर्मचारी जावेद सिद्दीकी, रेवती रमन साहू, धनेश कुमुर पटेल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## शराब दुकान हटाने शहर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** बौद्ध समाज व कबीर पंथी साहू समाज की भावनाओं को आहत पहुंचाते हुए एवं आम्बेडकर चौक पर विगत दिनों नई प्रीमियम शराब दुकान खोलकर संस्कारधानी पर कलंक लग रहा है, जिसका विरोध आज पूरा शहर कर रहा है, जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान स्थानांतरिक या बंद करने की मांग की है। मांग पूरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

जानकारी के अनुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में सोमवार 20 जनवरी को जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर अम्बेडकर चौक स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग की है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि भारत रत्न बाबा भीमराव अम्बेडकर व कबीर पंथ साहू समाज के आश्रम सहित पास ही बालिका छात्रावास है, उसी स्थान पर आबकारी विभाग के निर्देशन पर नई प्रीमियम शराब दुकान खोलकर संस्कारधानी राजनांदगांव पर कलंक के समान हो गया है। इस विषय को लेकर बौद्ध समाज द्वारा रैली निकालकर अपना विरोध जता चुके है। वहीं कबीर पंथी साहू समाज द्वारा शराब दुकान हटाने की मांग कर चुके है एवं कांग्रेस द्वारा भी पूर्व से ही शराब दुकानों को बंद करने बाबत् भी आबकारी विभाग से निवेदन किया था। इसी तरह कांग्रेसजन रेवाडीह में भी स्थित दुकान को हटाने बाबत् भी कई बार कहा गया है, वर्तमान में रेवाडीह के ग्रामीणों द्वारा धरना-आंदोलन कर आक्रोश दिखाया गया है, जिस पर प्रशासन रेवाडीह शराब दुकान को हटाने बाबत् आश्वासन रेवाडीह की जनता को दे चुकी है।

श्री छाबड़ा ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रशासन जल्द ही इस पर निर्णय नहीं लेता है तो आने वाले समय में अप्रत्याशित घटनाक्रम के जनआक्रोश का सामना प्रशासन को करना पड़ सकता है। जनभावनाओं को देखते हुए बाबा भीमराव अम्बेडकर चौक में खुली शराब दुकान को यहां से स्थानांतरित अथवा बंद करने का निर्देश आबकारी विभाग को निर्देश करें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, शरद खंडेलवाल, अतुल शर्मा, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष शकील रिजवी, संजय साहू, मुस्तफा जोया, अजय छेदैया, राजा यादव, हफीज वारसी, विष्णु सिन्हा, नवाज कुरैशी, रियाज चौहान, गोलू नायक, बंटी यादव, राहुल गजभिए, मयंक सोनी सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# विपरीत परिस्थितियों में बने युवा सरपंच ने बदली गांव की तस्वीर

### छोटे उम्र में बने सामान्य सीट से सरपंच आज करते हैं सभी के दिलों में राज, लोक प्रियता इतनी की अब जनपद की तैयारी

**शंकर लहरे / बागबाहरा( समय दर्शन)।** कहते है न नेतृत्व करने के लिए किसी उम्र की नहीं बल्कि योग्यता और ललक की आवश्यकता होती है जी ह हम बात कर रहे हैं महासमुंद जिले के अंतर्गत बागबाहरा ब्लॉक में ग्राम पंचायत गबौद के सबसे कम उम्र बने युवा सरपंच तरुण व्यवहार की जिन्होंने पंचायत और गांव का पूरा इतिहास ही बदल कर रख दिया जन सेवा करने का इतनान ललक की कॉलेज की पढ़ाई करते करते महज 22 साल की उम्र में ही अपने स्वभाव और निस्वार्थ से सेवा करने के उत्साह के कारण पंचायत वासियों ने सामान्य सीट एवं 9 प्रत्याशी के बीच तरुण व्यवहार के ऊपर भरोसा जताया और भारी मतों से विजई बनाया सरपंच बनते ही युवा सरपंच का सामना विश्वव्यापी महामारी कोविड से हुआ जिसने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया फिर था विपरीत परिस्थितियों में युवा सरपंच ने ग्रामीणों जनों एवं अपने पंचायत टीम के सहयोग से मोर्चा संभाला और पंचायत में विकास कार्यों की नींव रखने से पहले पंचायत के लोगों को सुरक्षित रखने एवं बाहर पलायन में परिवारों को सकुशल पंचायत वापसी करने के लिए कमर कस लिया अलग राज्यों में कमाने गए ग्रामीणों को वापस गांव में सकुशल लाना सरपंच के लिए बहुत बड़ा चुनौती बन गया जिसके लिए सरपंच ने पंचायत के वरिष्ठ गणों से सलाह लेकर शासन और प्रशासन का सहयोग लिया और अपने ग्रामीणों को पंचायत लाने में कामयाब रहे जितने भी पलायन कर्ता मजदूर रहे सभी को कोरेंटिन सेंटर बनाकर नियमाऔधी तक कारेंटिन रखा इस दौरान उनके राशन पानी एवं सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था किया गांवों में सेनेटाइजर का छिड़काव एवं मास्क वितरण स्वयं किया लॉक डाउन के दौरान पूरे पंचायत में सब्जियों एवं राशन का वितरण किया सभी की सुरक्षा करते करते खुद दो बार से कोविड पॉजिटिव हुए बड़ी मुश्किलों से अपने स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद पुनः ग्रामीणों के देख भाल में लग गए परिस्थितियों के विपरीत होते हुए भी पंचायत के विकास कार्यों की नींव रखी जैसे कुछ महत्वपूर्ण कार्य सबसे पहले बिना आंगनबाड़ी भवन के अभाव में स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में पढ़ने में मजबूर बच्चों के लिए नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण करवाया गांव का एक मात्र निस्तारीकरण के लिए उपयोग में आने वाले प्रदूषित तालाब जिसका पानी दुर्गंध युक्त एवं बहुत खराब था तालाब और पानीं की समस्या के चलते ग्रामीण मजबूरी में तालाब के हरे और प्रदूषित पानी में नहाने के लिए मजबूर थे सरपंच ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पानी खाली करवाया एवं स्वयं महीनों तक तालाब की गंदगी गाद सफाई होते तक कार्य स्थल में डटे रहे कार्य के दौरान बहुत सारे परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन मजबूत इरादों के सामने किसी की नहीं चली अंततः महीनों भर के संघर्ष के बाद तालाब को पूर्ण रूप से स्वच्छ और सुंदर बनाया दिया गया जिसको देखकर ग्रामीण बेहद प्रफुल्लित हो गए गांव के बुजुर्गों ने कहा तालाब की सफाई लगभग 25 सालों से नहीं हुआ था प्रदूषित पानी उपयोग करने में मजबूर थे सरपंच ने तालाब का उद्धार कर दिया एवं पंचायत के सभी स्कूलों में बाउंड्री वॉल की समस्या को दूर कर



बाउंड्री वॉल बनवाया जिसकी दीवारों में महापुरुषों एवं शिक्षा से जुड़े मनमोह चित्रों का पेंटिंग करवाया सभी स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था एवं आधुनिकता से जोड़ने के लिए स्मार्ट क्लास का व्यवस्था करवाया सभी शासकीय भवनों में पानी टंकी की व्यवस्था एवं पानी की समस्या दूर करने लगभग 9 से 10 बोर खुदवाए गांव के आस्था और मान्यता का केंद्र ठाकुर देवालयन में चबूतरा निर्माण एवं मिनी गार्डन बनवाया गलियों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था आश्रित गांव में एक भी भवन नहीं था जिसके चलते सार्वजनिक कार्यों में ग्रामीणों को हो रही समस्या को देखते हुए तत्काल सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया एवं हर घर पानी पहुंचने के लिए पाईप बिछवाया हाथीगढ़ में एक भी बोर सक्सेज नहीं होने के चलते अपने घर के निजी बोर से गली के पाइप लाइन को कनेक्ट कर आज तक अपने घर से ग्रामीणों को पानी दे रहे हैं एवं हाथीगढ़ में कई सालों से प्रदूषित तालाब की सफाई करवाया तालाब किनारे सीसी रोड गौठन निर्माण दोनों गांवों में पानी टंकी निर्माण करवाया भूमि सुधार नाला सुधार डबरी निर्माण जैसे मनरेगा योजना के तहत अनगिनत कार्य कार्य करवाया पेंशन राशन कार्ड श्रम कार्ड जैसे अनगिनत कार्य करवाए कार्य करने की ललक ऐसे की लोगों के घर के सामने गलियों में दस्तावेज बनाना साइन करना जैसे कार्यों को करते थे ताकि ग्रामीणों को समस्या न हो सरपंच ने बताया खुद बताया कि टूटी हुई कुर्सी एवं जर्जर पंचायत भवन जिसकी छत छोड़े से आवाज में टपकती थी ऐसे भवन में बैठकर खुद सुविधा के अभाव में रहते हुए पंचायत के लोगों को हर मूलभूत सुविधा प्रदान किया एवं अंत में पंचायत भवन का मरमत करवाकर बेहद सुंदर बना दिया सरपंच ने बताया इस दौरान पंचायत के कई असहाय परिवारों के बच्चों की शादी के लिए भी ग्रामीणों के साथ मिलकर करवाया एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई बार पंचायत स्तरीय स्वरोजगार सम्मेलन और महिला सशक्तिकरण महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम करवाए जिसमें एक बार बहुचर्चित एवं नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली पद्मश्री फूलबासन बाई यादव जी का कार्यक्रम भी गांव के महिलाओं के सहयोग से करवाया ग्रामीणों ने बताया सरपंच हर किसी के सुख दुख के कार्यक्रम में शामिल होकर यथा संभव सहयोग करते हैं इसी सहयोगी छवि के चलते इतने लोक प्रिय है कि आंगनबाड़ी के बच्चे भी उनको सुबह शाम नमस्ते सरपंच जी करके अपने तोतली आवाज में पुकारते हैं यह एक शिक्षित और मिलनसार छवि रखने एवं निष्ठा पूर्वक निस्वार्थ भाव से सेवा करने और एक सच्चे नेतृत्वकर्ता का पहचाना है सरपंच पारिवारिक जीवन की बात करें तो पिता जी खेती किसानी का काम करते है और घर मुखिया दादा जी श्रीं रामलाल व्यवहार जी एवं अपने पिता श्री अभयलाल व्यवहार जी को देव तुल्य मानते है जिन्होंने जन सेवा के प्रति तरुण की ललक को देखते हुए उन्हें प्रोत्साहित कर एक आम व्यक्ति से पंचायत के प्रथम नागरिक तक का सफर तय करवाया जिसके लिए सरपंच तरुण व्यवहार ने अपने परिजनों एवं पंचायत के युवाओं का विशेष धन्यवाद किया कि उन्होंने एक युवा पर भरोसा जताकर पंचायत के विकास के लिए उनको चुना शिक्षा की बात करें तो बीएससी,डीसीए, फार्मेसी, और वर्तमान में वकालत एल एल बी की के छात्र हैं तरुण ने अपने निस्वार्थ सेवा भाव और जनसेवा के जरिये क्षेत्र के स्कूल कॉलेज हॉस्पिटल में अलग पहचान बनाया है एवं हमेशा जरूरतमंदों सहयोग करने के लिए अपने युवा साथियों के साथ तत्पर रहते है रक्त प्रवाह समूह चलाते है जिसके माध्यम से सैकड़ों असहाय परिवारों को रक्तदान कर चुके है और हमेशा रक्तदान के दौरान बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक की मांग करते आ रहे है।

## खबर-खास

### अध्यक्ष पद के लिए 5 और पार्षद पद के लिए 19 नाम निर्देश पत्र बिके

**कवर्धा (समय दर्शन)।** जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आज अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए नाम निर्देश पत्रों की बिक्री जारी रही। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि जिले के सात नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देश फार्म विक्रय तथा जमा करने की प्रक्रिया 22 जनवरी से शुरू हो गई है। पहले दिन जिले के सात नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 5 और पार्षद पद के लिए 19 पत्रों का विक्रय हुआ है। हालांकि, आज एक भी नाम निर्देश पत्र जमा नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि पिपरिया नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 1 आवेदन पत्र जबकि कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष पद हेतु 4 आवेदन पत्र विक्रय किए गए। इसी प्रकार, पार्षद पद के लिए पंडरिया नगर पालिका में 2, पांड़ातराई नगर पंचायत में 1, इंदौरी नगर पंचायत में 1, पिपरिया नगर पंचायत में 2 और कवर्धा नगर पालिका में 13 आवेदन पत्रों का विक्रय हुआ है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, और आगामी दिनों में आवेदन पत्रों के जमा होने की संख्या बढ़ने की संभावना है। सभी गतिविधियां निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के अनुसार संचालित हो रही हैं।

### ओरा फाईन ज्वेलरी का डायमेंड फेस्टिवल ग्राहकों के लिए लेकर आया खूबसूरत कलेक्शन आकर्षक डिस्काउंट के साथ

**रायपुर।** ओरा फाईन ज्वेलरी की बेजोड़ लग्ज़री मिल रही है एक्सक्लुसिव ऑफर्स के साथ, यह लिमिटेड-एडिशन कलेक्शन केवल 18 जनवरी से 17 फरवरी तक ही उपलब्ध होगा। ओरा फाईन ज्वेलरी ने अपने ग्राहकों को 'डायमंड फेस्टिवल' के लिए आमंत्रित किया है। इस एक्सक्लुसिव फेस्टिवल में उन्हें फाईन ज्वेलरी का यादगार अनुभव मिलेगा। यहाँ ग्राहक ओरा के लेटेस्ट कलेक्शन और मोहक डिज़ाईन में सबसे खूबसूरत डायमंड्स देख सकेंगे। डायमंड फेस्टिवल एक लग्ज़री उत्सव है। इस साल इस फेस्टिवल में हर ज्वेलरी आधुनिक फैशन के साथ डायमंड्स के प्राचीन वैभव को बनाए रखने के लिए बहुत सतर्कता से निर्मित की गई है। इस फेस्टिवल का आकर्षण बढ़ाने के लिए ओरा द्वारा कुछ फर्स्ट-टाईम ऑफर दिए जा रहे हैं, जो हर किसी का दिल लुभा लेंगे। ओरा फाईन ज्वेलरी के लिए डायमंड फेस्टिवल का बहुत गहरा महत्व है। यह फेस्टिवल केवल बेहतरीन डायमंड्स का प्रदर्शन ही नहीं करता है, बल्कि यह कालातीत सौंदर्य, सटीकता और विश्वास का प्रतीक भी है। विश्वास को सबसे ऊपर रखने वाले आज के समय में ओरा डायमंड फेस्टिवल यादगार लम्हे संजोने के लिए एक भरोसेमंद साथी बन गया है।

### होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नया 2025 डियो लॉन्च किया 'डियो वान्ना हैव फन?'

**रायपुरः** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज डियो का नया वर्जन लॉन्च किया, जो OBD2B मानकों का अनुपालन करता है और कई उन्नत फीचर्स से लैस है। इसे युवाओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 2025 होंडा डियो की शुरुआती कीमतऋह्य. 74,930 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) है। नई डियो के लॉन्च के मौके पर, एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री सुतसुमु ओटानी ने कहा, ' 'डियो हमेशा से जोश और नवाचार का प्रतीक रहा है। 2025 डियो में हमने आधुनिक टेक्नोलॉजी, बेहतर प्रदर्शन और पर्यावरण के अनुकूल फीचर्स को जोड़ा है, जिससे यह स्कूटर का अनुभव नए स्तर पर पहुंचाता है। डियो की मूल मोटो स्कूटर की अवधारणा को बरकरार रखते हुए, हमने इसे और उन्नत बनाया है। हमें पूरा विश्वास है कि नया डियो भारतीय युवाओं की पहली पसंद बना रहेगा। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री अनुज माथुर ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसा परिवहन समाधान प्रदान करना है जो हमारे ग्राहकों के जीवन को और बेहतर बनाए। 2025 डियो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल है। इसका OBD2B मानकों का अनुपालन करने वाला इंजन न केवल नए उत्सर्जन मानकों के अनुकूल है, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतर ईंधन क्षमता भी सुनिश्चित करता है। यह मोटो स्कूटर हमारी टैगलाइन 'डियो वान्ना हैव फन'के अनुरूप है, जो राइडिंग का रोमांच और नई पीढ़ी की उम्मीदों को पूरा करता है।

# छत्तीसगढ़ -उड़ीसा सीमा के मुठभेड़ में 16 नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार और सामान बरामद



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर कुल्हाड़ीघाट के जंगल में 72 घंटे की मुठभेड़ के बाद आज तीसरे दिन नक्सली और जवानों के बीच मुठभेड़ खत्म होते तक कुल 16 महिला पुरुष नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किया गया।जिसमे 14 शव मंगलवार शाम को जिला मुख्यालय लाया गया था,वही बुधवार को एक महिला और एक पुरुष नक्सलियों का शव बरामद किया गया साथ ही सर्चिंग के दौरान पुलिस जवानों को 1 एके 47 एवं एक कंट्री मेड राइफल सहित भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद किया गया।ज्ञात हो कि सोमवार शाम से जारी 72 घंटे के मुठभेड़ में कुल 16 नक्सलियों के शव बरामद किया गया।इस मुठभेड़ में पुलिस जवानों ने एक करोड़ के इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी सदस्य जयराम उर्फ चलपती को भी मार गिराया है।इसके अलावा सेंट्रल कमेटी के सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डु भी ढेर हुए हैं,गुड्डु के ऊपर 25 लाख रुपए का इनाम था।मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था.यह पहला मौका है जब गरियाबंद में नक्सलियों के खिलाफ इतना बड़ा ऑपरेशन अंजाम दिया गया है।

ज्ञात हो कि सोमवार को सूचना मिली थी कि गरियाबंद जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया था,वहीं मुठभेड़ में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था.जिन्हें गंभीर हालत में रायपुर एयरलिफ्ट किया गया था,जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है।वहीं मुंगलवार के मुठभेड़ में एसओजी नुआपाड़ा के आरक्षक धमेन्द्र भोई घायल हुए थे.उन्हें उपचार के लिए राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वर्तमान में दोनो जवानों की स्थिति सामान्य है।

**ऑटोमेटिक हथियार समेत भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद,,,** गौरतलब है कि रायपुर ढ्ढत्र अमरेश कुमार मिश्रा,गरियाबंद स्क्र निखिल राखेचा,ओडिशा के नुआपाड़ा स्क्रराघवेंद्र गूंडाला,ओडिशा छ्ढ्ढत्र नक्सल ऑपरेशन अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत इस मुठभेड़ की मॉनिटरिंग कर रहे।जवानों के लौटने के बाद रायपुर ढ्ढत्र अमरेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे ऑपरेशन की जानकारी साझा किए और उन्होंने बताया था कि नक्सलियों के पास से एसएलआर राइफल और ऑटोमैटिक हथियार समेत भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद हुए हैं. मुठभेड़ में मरने वालों में महिला नक्सली भी शामिल हैं. जिसमें कुछ नक्सलियों की पहचान हो चुका है वही अन्य नक्सलियों की पहचान किया जा था है।

## धान खरीदी के लिए शेष दिनों में करे कड़ी निगरानी - कलेक्टर अग्रवाल

### सोहागपुर केन्द्र में अधिक धान खरीदी पर केन्द्र प्रभारी पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिले में चल रहे धान खरीदी के संबंध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी पर जरूरी निगरानी रखते हुए वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी धान खरीदी केंद्र में अनियमितता पाई जाती है,तो नोडल अधिकारी सहित संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए केवल 7 कार्य दिवस शेष है। जिले के लगभग 90 प्रतिशत किसानों ने अपना धान विक्रय कर लिया है।उन्होंने कहा कि आखिरी दिनों में अवैध धान बिक्री की आशंका को रोकने सख्ती से निगरानी करें।साथ ही रकबा समर्पण एवं भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित करे।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शून्य रकबा समर्पण वाले उपार्जन केन्द्रों में अधिकतम धान खरीदी की रिपोर्ट पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित उपार्जन केन्द्रो की कड़ाई से जांच करने हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित किया।साथ ही सहकारिता,खाद्य एवं बैंक नोडल के फील्ड अधिकारियों को सभी उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कम रकबा समर्पण एवं अनियंत्रित धान खरीदी पर डीएमओ, सहकारी बैंक के नोडल,एआरसीएस,खाद्य निरीक्षक, सहकारिता विस्तार अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।साथ ही सोहागपुर केन्द्र में अधिक धान खरीदी पर केन्द्र प्रभारी पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये।इस दौरान बैठक में खाद्य अधिकारी, डीएमओ, एआरसीएस, सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी सहित फूड इंस्पेक्टर एवं खाद्य-सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## बलौदा में हुआ बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



**शंकर लहरे/ बलौदा(समय दर्शन)।** ग्राम बलौदा में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में फुलझर क्षेत्र की 40 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गाँव की सरपंच एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश्वरी विनोद दीवान ने सरस्वती पूजन से की। तड़के 5 बजे तक सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के मध्य परस्पर कई टक्कर के मुकाबले हुए। फाइनल मैच सागरपाली के हरीश और बबलू एवं बलौदा के अरुण और विकास के मध्य हुआ, तीसरे सेट तक चले इस रोचक मुकाबले में अंततः सागरपाली की टीम विजेता रही। तीसरे स्थान पर सरायपाली के खिरेंद्र और उनके जोड़ीदार रहे जबकि पांडापारा टामन और नीरज को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में अंकित भोई, क्षितिपति साहू, भूपेंद्र प्रधान, अंकुश भोई ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात युवा संचालक प्रमित साहू ने किया। उक्त प्रतियोगिता में दर्शकों की जबरदस्त भीड़ रही। यूट्यूब के माध्यम से प्रतियोगिता का लाइव टेलीकास्ट भी किया गया। प्रतियोगिता में उद्घाटन एवं समापन समारोह में गजानन नायक, प्रेमानंद भोई, महेश नायक, प्रदीप सेठ, चतुर्भुज डडसेना, पूर्णचंद्र सेठ सहित गाँव के गणमान्य नागरिक गण विशिष्ट तिथि के रूप में मौजूद थे। उक्त प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु तरुण गड़तीया, अरविन्द भोई, संजय रथ एवं अंकित भोई ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार की राशि प्रदान की। ओम मार्ट, ग्रेसी ऑटो, दिव्यानी फैंसी स्टोर, बबलू वस्त्र भंडार, शिवानी वीडियो, ओम फैशन, आर्या इलेक्ट्रिक वर्ल्ड का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने राजिम कुंभ कल्प आयोजन के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक

### सभी तैयारियां निर्धारित अवधि में पूरा करें



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई।बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे,कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित धमतरी एवं रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार नया मेला स्थल में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। नया मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जाएंगे। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा। बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे एवं कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू कर 5 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।संभाग आयुक्त श्री कावरे ने रायपुर, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पर्यटन विभाग के महाप्रबंधक वेदव्रत सिरमौर,जिला पंचायत सीईओ घासीदास मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, संयुक्त संचालक कृषि गयाराम,उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग प्रतापचंद पारख, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन,लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह,पीएचई के कार्यपालन अभियंता विप्लव घृतलहरे,उप संचालक कृषि चंदन रॉय सहित वरिष्ठ,डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड़, सजावट, लाईटिंग, शौचालय,हाईमास्ट लाईट,कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन,बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था,एम्बुलेंस,स्वास्थ्य सुविधाएं, नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों का व्यवस्था,फूड जोन,वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था,पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था,सीसीटीवी,कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था,साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए।

## चाइनीज मांझा को लेकर पर प्रशासन सख्त, प्रशासनिक टीम ने दुकानों क़ा किया निरीक्षण




**बलौदाबाजार (समय दर्शन)।** पतंग में उपयोग किये जाने वाले खतरनाक चाइनीज मांझे क़ी बिक्री को लेकर जिला प्रशासन कड़ाई से निगरानी कर रही है।कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नगरपालिका एवं राजस्व क़ी टीम द्वारा मंगलवार एवं बुधवार को बलौदाबाजार, भाटापारा, पलारी सहित जिले के अन्य शहरों के बाजारों और पतंग दुकानों क़ा निरीक्षण किया गया। टीम को किसी दुकान में चाइनीज मांझे बेचने या दुकान में रखे जाने क़ी पुष्टि नहीं मिली। दुकानदारों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि वे चाइनीज मांझे की बिक्री न करें। चाइनीज मांझे की बिक्री करते हुए पाया गया तो सबंधित दुकान पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि पतंग उड़ाने के लिए दो तरह के मांझे का इस्तेमाल किया जाता है।पहला सूती मांझा और दूसरा चाइनीज मांझा।सूती मांझे की तुलना में चाइनीज मांझा ज्यादा खतरनाक होता है।चाइनीज मांझा नायलॉन के धागे से बना होता है और इस पर कांच या मैटेलिक पाउडर की परत चढ़ाई जाती है। यही वजह है कि इसमें धार ज्यादा होती है और इसका त्वचा पर असर बहुत जल्दी दिखाई पड़ता है।

## आदर्श आचार संहिता में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**कवर्धा (समय दर्शन)।** नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव 2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस द्वारा आज जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च आयोजित किया गया।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति और सुरक्षा का संदेश देने के लिए यह फ्लैग मार्च किया गया। इसका उद्देश्य समाज में कानून-व्यवस्था का माहौल बनाए रखना और नागरिकों में विश्वास पैदा करना है। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करते हुए लोगों से संवाद स्थापित किया और उन्हें आश्वस्त किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को सख्ती से रोका जाएगा।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से) के निर्देशन में आयोजित इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल ने किया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव प्रतीक चतुर्वेदी एवं कृष्णकुमार चंद्राकर भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी निरीक्षक लालजी सिंह, (कवर्धा), अरविंद साहू (भोरमदेव), लालमन साव (लोहारा), महिला थाना प्रभारी शांता लकड़ा सहित अन्य थाना प्रभारियों ने अपने दल के साथ भाग लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। पुलिस ने अवैध गतिविधियों, जैसे शराब वितरण, हथियारों का प्रदर्शन, धनबल का उपयोग, और मतदाताओं को डराने-धमकाने जैसी संभावित घटनाओं पर विशेष नजर रखने की बात कही। जिला पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न होगी। फ्लैग मार्च में सशस्त्र बल, होमगार्ड और पुलिस बल के जवान शामिल थे। मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष गश्त की गई। पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।


### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव

//उद्घोषणा//

रा0प्र0क्र..... ब/-121/2024-25

ग्राम दशरंगपुर प0ह. न.07

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम दशरंगपुर नवरतन पिता/पति निवासी ग्राम वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवरतन पिता सिरोसन जाति सतनामी निवासी ग्राम दशरंगपुर तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ0ग0 द्वारा अपने पुत्री सारिका के जन्म दिनांक 10.07.2007 को ग्राम पंचायत में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 23.01.25 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा की अधीन जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
जरहागांव



### श्रीमती शीतल कुंज न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, पाटन जिला- दुर्ग (छ.ग.)

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
**(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)**
**वाद क्रमांक सक्सेशन/ 01/सन 2025**

**प्रो क्रमांक-32/2025**
**पेशी - 18/02/2025**
**आवेदक - कु. लीना देवांगन वगै.**
**अनावेदक - आम जनता वगै.**
**बनाम - आम जनता**

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18 माह 02 सन 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और ज़ो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दत्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साय उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 17/01/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**श्रीमती शीतल कुंज**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, पाटन**
**पाटन जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

# पिथौरा के उजाला पैलेस में कांग्रेस की अहम बैठक

■ टिकट वितरण पर की गयी चर्चा, 19 लोगों ने की दावेदारी



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** महासमुंद जिले के पिथौरा स्थित उजाला पैलेस में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की अहम बैठक हुई। इस बैठक मे टिकट वितरण पर चर्चा की गयी। नगरीय निकाय चुनाव लडने वाले दावेदारों में उत्साह व जचश देखा गया। यह बैठक शाम शाम 4 बजे शुरू हुई, जिसका नेतृत्व कांग्रेस के पर्यवेक्षक पंकज मिश्रा ने किया। बैठक में पिथौरा नगर पंचायत के अध्यक्ष, पार्षद, और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए टिकट हेतु आवेदनों पर चर्चा की गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख नेतागण शामिल हुए। आपको बतादें कि नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष पद के लिए 1 दावेदार ने आवेदन प्रस्तुत किया। नगर पंचायत पिथौरा के पार्षद पद के लिए 16 दावेदारों ने आवेदन किया। जबकि जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 2 दावेदारों ने आवेदन किया। इन आवेदनों की समीक्षा के बाद कांग्रेस पार्टी टिकट वितरण का निर्णय लेगी। नगर पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरम हो गया है। कांग्रेस की इस बैठक को आगामी चुनावी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, टिकट वितरण में योग्यता, स्थानीय जनाधार, और पार्टी के प्रति निष्ठा रखने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। स्थानीय नेताओं ने भरोसा जताया कि, कांग्रेस इस बार भी नगर पंचायत, जनपद जिला पंचायत चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## संक्षिप्त-खबर

### उपलब्धि : मोखली स्कूल की मुस्कान ने बढ़ाया पाटन का मान...भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में दुर्ग जिले में किया टॉप



**पाटन ( समय दर्शन )।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जूनियर वर्ग में पाटन ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल दरबार मोखली की मुस्कान ने दुर्ग जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ग्राम धुमा की निवासी मुस्कान महिलांगे पिता दौलत राम महिलांगे कक्षा आठवीं में पढ़ती है,विगत महीने हुए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 100 में से 99 अंक प्राप्त कर दुर्ग जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अंचल को गौरवान्वित किया है। दरबार मोखली स्कूल के शिक्षकों ने मुस्कान को सम्मान पत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती हीरा वर्मा सहित राकेश कुमार साहू श्रीमती उत्तरा साहू ज्योति बंसकार नंदकुमार आडिल जी सुनीता राव दुर्गेश सहित स्कूल के छात्र छात्राएँ मौजूद थे।

### स्वर्गीय उदयराम जी वर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन के पूर्व विधायक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय उदयराम जी वर्मा की 45 वी पुण्यतिथि सेलुद में उनके मूर्तिस्थल पर मनाई गई,व उनके द्वारा किये गये कार्यो का उल्लेख किया गया,,इस अवसर पर सेलुद की सरपंच श्रीमती खेमिन साहू,पूर्व सरपंच श्री खेमलाल साहू,सुरेंद्र बंछोर,जनपद सदस्य बबलू मार्कण्डेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जयश्री वर्मा,लोचन वर्मा,मनहरण लाल वर्मा,राजेन्द्र वर्मा,हेमंत वर्मा,टिकेंद्र वर्मा,ललित वर्मा,दानेश्वर वर्मा,कमला बघेल,निर्मला वर्मा,रुपाली बघेल,हर्ष बघेल,अविरल वर्मा सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

### खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से की सौजन्य भेंट एवं श्रमिक हित के कार्यों पर चर्चा



**खदीजा हाशमी/दंतेवाड़ा किरंदुल।** खदान मजदूर संघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, राजेंद्र यादव, बसंत जांगड़े, दानेश्वर जोशी, लिशान्त सिंह, सूरमा, सुधा, मिथुन द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव से उनके निवास पर जाकर सौजन्य भेंट किया गया तथा भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के सदस्यों का परिचय एवं संगठन के बारे में सारगर्भित परिचर्चा की गई। श्रम संघ पदाधिकारियों के द्वारा श्रमिकों की समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा तत्काल ही एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से दूरभाष पर चर्चा की गई तथा शीघ्र ही मुख्यालय एवं परियोजना कार्यालय में मुलाकात कर परस्पर परिचर्चा के माध्यम से समस्याओं के निराकरण करने हेतु अवगत कराया गया। खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल की ओर से इस त्वरित कार्रवाई हेतु प्रदेशाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया गया।

### जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन

**महासमुंद,( समय दर्शन)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्रियों के प्रसारण पूर्व प्रमाणन हेतु जिला स्तर पर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) विनय कुमार लंगेह एमसीएमसी के अध्यक्ष होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सहायक संचालक जनसम्पर्क पोषण कुमार साहू को सदस्य सचिव एवं हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र रत्नेश सोनी को एमसीएमसी सदस्य नियुक्त किया गया है।

# छोटेटेमरी में विद्यालय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस संपन्न




**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी, संकुल केंद्र बड़ेटेमरी में विद्यालय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के छाया चित्र पर प्रधान पाठक गफ्फार खान,उपसरपंच सुरेश साव,संकुल समन्वयक वारिश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश साव पूर्व उप पसरपंच ग्रा. प. बड़ेटेमरी, अध्यक्षता संकुल समन्वयक वारिस कुमार बड़ेटेमरी, एवं प्रधान पाठक गफ्फार खान विशेष रूप सेउपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत शिक्षक स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया ।

अतिथि सुरेश साव ने शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को खेल भावना से खेल खेलने की अपील किया। वहीं संकुल समन्वयक वारिस कुमार ने सभी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए जीवन मे खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि,स्वस्थ तन मे स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है अत: हमारे दैनिक जीवन मे खेल का विशेष महत्व है ।

इसके बाद प्रतिभागियों ने बिस्किट दौड़,चाकलेट दौड़, आलू दौड़,गोला फेंक आदि खेलों में भाग लेकर प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त किए। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों और प्रधान पाठक ने बधाई दी।प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया ।

खेलों को संपन्न कराने में तंजू साव, प्रीतम पटेल,अविनाश साहू शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। खेल के द्वितीय दिवस में राकेश साव मिनीलाल जगत, शाहिद हुसैन, मिनीकेतन साव,सूरज बेहरा, सेतकुमार निषाद,कमलेश निषाद,सुबरातन हुसैन,खैरून हुसैन,खेलकुंवर साव, कामिनी प्रधान, सुभाषिनी साव, सितारा बेगम,जोहरा बेगम,करिश्मा बेगम, पूजा,प्रिया और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने सभी का आभार प्रकट किया है।

# रात 2 बजे घर में घुसा अज्ञात व्यक्ति, पकड़ा गया तो चाकू से हमला कर भाग निकला




**बसना ( समय दर्शन )।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी के सीमावर्ती वनांचल क्षेत्र के ग्राम बेलटिकरी के एक घर में रात्रि करीब 2 बजे एक अज्ञात व्यक्ति घुस आया और जैसे ही उसे घर के लोगो ने देख लिया तो वह घर में ही छिप गया,पकड़े जाने के डर से , वह अज्ञात व्यक्ति घर वालों पर चाकू से हमला कर भाग निकला।

मिली जानकारी के असनुसार ग्राम बेलटिकरी नेहरू चौक निवासी रत्ना बाई के घर 21 जनवरी 2025 के रात्रि 02 02 बजे के आस पास एक अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर घर अंदर घुसा व घर अंदर घुसकर कमरा का दरवाजा खोलने लगा, दरवाजा की आवाज सुनकर जब घर में मौजूद लोग जग गये तो देखे कि, अंधेरे में एक अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर में घुसकर कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिस कर रहा था। जिसपर रत्ना बाई ने अपने पति खेमराज चौधरी को आवाज देने लगी,, तब आवाज सुनकर वह व्यक्ति भागकर घर में ही कहीं छुप गया।

इसके बाद रत्ना बाई उसके पति व बेटी दिब्या उठकर घर के सभी लाईट को जलाकर सब तरफ देखने लगे तब ट्रैक्टर खोली में अज्ञात व्यक्ति छुपा दिखा, रत्ना बाई के पति खेमराज ट्रैक्टर खोली की ओर गये जिसके पीछे रत्ना बाई और उसकी बेटी दोनो गये। इसके बाद खेमराज चौधरी व अज्ञात व्यक्ति के बीच हाथापाई हुई तब अज्ञात व्यक्ति द्वारा धार धार चाकु से खेमराज पर वार किया जिसे देख खेमराज की बेटी ने बिच बचाव किया तो तब अज्ञात व्यक्ति ने लड़की के उपर भी चाकू से वार किया। अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाकु से वार करने पर दोनों को गंभीर चोंट आई है, मामले में पुलिस ने अपराध धारा 331(4),333 क्छहरू पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# गणतंत्र यात्रा से संविधान बचाने की लड़ाई हो रही मजबूत : भूपेश बघेल



■ ग्राम केंदुआ में आयोजित गणतंत्र यात्रा के समापन समारोह में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

■ पूर्व मुख्यमंत्री को सुनने उमड़ी भीड़

**शंकर लहरे/ सरायपाली( समय दर्शन )।** अंचल के ग्राम केंदुआ में आयोजित गणतंत्र दिवस के समापन समारोह में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेलशामिल हुए।

केंदुआ पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बैंड बाजे गाजे और कर्मा नर्तक दलों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहेब अम्बेडकर सहित महापुरुषों के छायाचित्र में पूजा अर्चना और माल्यार्पण कर किया गया।

समापन समारोह में सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व मंत्री फूलझर स्टेट के राजा देवेंद्र बहादुर सिंह, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त गिरीश देवांगन, पर्यटन आयोग के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, सन्नी अग्रवाल, कांग्रेस अध्यक्ष सरायपाली ग्रामीण पुष्पेंद्र पटेल, शहर अध्यक्ष आर एन आदित्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजराम पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, महिला कांग्रेस नेत्री तीरिथ मानिकपुरी, जिला महामंत्री जयंत चौधरी,विधायक प्रतिनिधिगण मोहन लाल भोई, घसिया सिदार, रमेश पटेल, बिरंची बेताल, भरत मेश्राम मंचस्थ थे।

गणतंत्र यात्रा के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र यात्रा लोकतंत्र और संविधान बचाने की अहम कड़ी है। देश में आज संविधान खतरे में है, संविधान बचाने की इस लड़ाई में हम सबको भागीदारी निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की साय सरकार आरक्षण को कमजोर करने की साजिश रच रही है, साय सरकार ने ओबीसी आरक्षण को कम करने की साजिश रची है जिसका जवाब प्रदेश के ओबीसी वर्ग इस चुनाव में जरूर देगा। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने की इस लड़ाई हम सबको मिलकर लड़नी है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने साय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में किसान, मजदूर, आदिवासी, महिला, व्यापारी सहित हर वर्ग परेशान है। यह सरकार कोई नई योजना तो ला नहीं पा रही है बल्कि योजनाओं के नाम बदलने का काम कर रही है। उन्होंने इस सरकार को नेमचेंजर सरकार कहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणतंत्र यात्रा के शानदार आयोजन के लिए विधायक नंद की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गणतंत्र यात्रा के माध्यम से हम हर क्षेत्र के हर गांव जाकर लोगों को गणतंत्र की महिमा बता रहे है और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र यात्रा में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान देने वाले सभी का आभार व्यक्त किया है।

कार्यक्रम को पूर्व मंत्री फूलझर स्टेट के राजा देवेंद्र बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य में जब कांग्रेस की सरकार थी तब हमने हर वर्ग के लिए लोकहितकारी योजनाएं बनाई और सबका कल्याण किया।

**वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान-** कार्यक्रम में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के हाथों वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, भगत राम बरिहा, नीलांबर सोनी, सुभाष पटेल, घनश्याम साहू, निर्मल प्रधान, नईम लखानी, साधुराम पटवारी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शाल और श्रीफल से सम्मानित किया।

**युवा नेता अनिल पटेल की अगुवाई में गजमाला से हुआ स्वागत-** केदुआं क्षेत्र के युवा कांग्रेस नेता अनिल पटेल की अगुवाई में युवा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल का गज माला से स्वागत किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे शामिल-** कार्यक्रम में घनश्याम पटेल, नीलांबर सोनी, संतलाल बारीक, श्रवण पटेल , प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, रामदयाल पटेल, भीष्म देव पटेल, मनोज पटेल, प्रभात पटेल, नरेंद्र साहू, दूधनाथ साहू, पुरुषोत्तम साहू,लीलाकांत पटेल, सत्या भोई, राम नंदा, केशव अग्रवाल, दुष्यंत साहू, जयंत यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# एनएमडीसी,बचेली में 'रिपब्लिक डे रन' का आयोजन





**खदीजा हाशमी/दंतेवाड़ा बचेली।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में एनएमडीसी,बचेली द्वारा रिपब्लिक डे रन (मैराथॉन दौड़) का आयोजन हॉकी ग्राउंड, बचेली में किया गया। यह दौड़ दो श्रेणियों (5 और 10 किलोमीटर) में आयोजित की गई जिसमें लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलू, अधिशासी निदेशक, बचेली के उद्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारभ किया गया। इस दौड़ में रविन्द्र नारायण, परियोजना प्रमुख(वर्क्स), पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), एम एस नायर, महाप्रबंधक (कार्मिक),सभी विभागाध्यक्ष,यूनियन के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा उनके परिजन सम्मिलित हुए।

# किरंदुल नगर पालिका के लिए पहला नामांकन पत्र लिया पूर्व निर्दलीय पार्षद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने

■ 6 वार्डो का नामांकन पत्र लिया किसी एक वार्ड से लड़ेंगे पार्षद का चुनाव

■ अपने परिवार के साथ पहुचे फॉर्म लेने कहा जिस वार्ड से चुनाव लड़कर जीतूंगा उस वार्ड को भी अपने परिवार की तरह करूँगा सेवा

**खदीजा हाशमी/दंतेवाड़ा किरंदुल**



नगरीय निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल हमीद सिद्दीकी जिन्होंने पिछले चुनाव में समाजसेवा और अपनी सादगी से पूर्व दो नगर पालिका के अध्यक्ष को वार्ड से हराकर पार्षद बने थे और खूब सुर्खियां बटोरी थी । अपनी योग्यता के दम पर अपने एवं दूसरे वार्डो की समस्याओं का समाधान करवाने वाले निर्दलीय पार्षद अब्दुल हमीद ने आज पहला नामांकन पत्र लिया जो कि नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 10 है जहाँ से पिछला चुनाव हमीद सिद्दीकी ने दो दो पूर्व अध्यक्ष को हराकर एक तरफा जीत हासिल की थी उस वार्ड को उन्होंने दुरुस्त करने का प्रयास किया और सफल भी रहे । ज्यादातर समस्याओं का समाधान वार्ड का हो चुका है वहाँ के वार्डवासियों ने भी उनसे दोबारा इसी वार्ड से चुनाव लड़ने का निवेदन किया है ताकि वार्ड में विकास कार्य और हो सके।

पूर्व निर्दलीय पार्षद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने बताया कि अब वार्ड क्रमांक 10 से उनके बड़े भाई बबलू सिद्दीकी चुनाव लड़ेंगे और बड़े अंतर से जीत भी दर्ज करेंगे ।

और मैं अब अन्य कोई वार्ड से चुनाव लड़ूंगा फिलहाल मैंने 6 सामान्य वार्ड 6 ,8,10,13,15,17 का नामांकन पत्र के लिए आवेदन दिया था रिटर्निंग ऑफिसर ने मुझे दो नामांकन पत्रों का सेट दिया है जिसे मैं किसी भी वार्ड के लिए अपना नामांकन दाखिल करवा सकता हु । जिस वार्ड के वार्डवासी चुनाव लड़ने बोलेंगे उसी वार्ड से नामांकन दाखिल करूँगा।

परिवार की तरह अपने वार्ड की सेवा करूँगा इसलिए अपने पूरे परिवार के साथ नामांकन पत्र लेने जाना बताया ।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26